News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-97
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
अच्छे संस्कार और अच्छा व्यवहार आपकी वह कमाई है,जो जिंदगी भर आपके काम आती है।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

इंदौर, शुक्रवार 12 जुलाई 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार





## नीट पेपर लीक में जिसकी सबसे ज्यादा थी तलाश वह रॉकी गिरफ्तार




**रांची।** नीट पेपर लीक केस में उस शख्स की गिरफ्तारी हो गई है जिसकी सबसे ज्यादा तलाश थी। पिछले कई दिनों से सीबीआई की टीम जिसे तलाश रही थी, वो आखिरकार पकड़ा ही गया। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। आज उसे पटना में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन अपने रिमांड में रखने की इजाजत सीबीआई को दी है। बताया जा रहा है कि रॉकी नेपाल भागने की तैयारी में थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसे दबोच लिया। पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। रॉकी उर्फ राकेश मूलरूप से नवादा का रहने वाला है। वह रांची में अपना रेस्टोरेंट चलाता था। सीबीई की पूछताछ में चिंटू, मुकेश, मनीष और आशुतोष ने कई बड़े खुलासे किए थे। जांच में पता चला था कि पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंट संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। वह रांची में रेस्टोरेंट चलाता है। ईओयू सूत्रों की मानें तो रॉकी ने ही पेपरलीक केस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसने हजारीबाग से पेपर उड़ाने की साजिश रची। इसके बाद रांची और पटना के स्कॉलर मेडिकल स्टूडेंट की मदद से पेपर सॉल्व करवाया। इस बीच संजीव मुखिया और सिकंदर यादवेंदु कई बार रांची में रॉकी से मिलने गए थे। जांच में यह भी पता चला कि रॉकी ने ही पांच मई को प्रश्न पत्र उड़ाने के बाद सॉल्व करवाया था। इसके बाद इसे पटना में चिंटू उर्फ बलदेव के सोशल मीडिया पर भेजा गया। इन सब के लिए माफियाओं ने पिछले कई महीनों से तैयारी की थी। बता दें कि ईओयू ने नीट पेपरलीक केस को सीबीआई को हैंडओवर कर दिया था। इसमें मामले में सीबीआई छह से ज्यादा लोगों को आरोपी बना चुकी है। सीबीआई ने मंगलवार को पटना से सन्नी और रंजीत को गिरफ्तार किया था। इससे पहले सीबीआई की टीम मनीष और आशुतोष को गिरफ्तार किया था। अब टीम संजीव मुखिया की तलाश कर रही है।

## स्पाइसजेट की स्टाफ ने सीआईएसएफ जवान को मारा थप्पड़



**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात एक सीआईएसएफ जवान को स्पाइसजेट एयरलाइंस की महिला कर्मचारी पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। सीआईएसएफ के जवान का कहना है कि बिना तलाशी के जबरदस्ती व्हीकल गेट से अंदर जाने की जिद पर मना करने पर एयरलाइन की महिला स्टाफ भड़क गई।इसके बाद उसने तेजी में आकर सीआई गिरिराज प्रसाद पर हाथ उठा दिया। इसके बाद पीड़ित सीआई ने एयरपोर्ट पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दी। फिर पुलिस ने आरोपी महिला कर्मचारी अनुराधा रानी को हिरासत में ले लिया। सीआईएसएफ के सहायक उपनिरीक्षक गिरिराज प्रसाद ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि रात्रि ड्यूटी के दौरान जयपुर एयरपोर्ट के व्हीकल गेट पर हथियार के साथ तैनात था। तभी गुरुवार तड़के 4.40 बजे एक कार में स्पाइसजेट की महिला कर्मचारी अनुराधा रानी पहुंची। गिरिराज ने बताया कि अनुराधा जयपुर एयरपोर्ट के अंदर एयर साइड में व्हीकल गेट से जाना चाहती थी, लेकिन व्हीकल गेट पर महिला कर्मचारी उपस्थित नहीं होने के कारण उन्होंने अनुराधा रानी को रुकने के लिए बोला। फिर अनुराधा रानी एयरपोर्ट के अंदर जल्द जाने की जिद करने लगी। बता दें कि व्हीकल गेट की सीआईएसएफ एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर) के तहत महिलाओं को केवल सीआईएसएफ की महिला स्टाफ द्वारा सुरक्षा जांच के बाद ही एयरपोर्ट के अंदर जाने की अनुमति होती है। बस इसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। इसके बाद गिरिराज प्रसाद ने सीआईएसएफ की महिला स्टाफ के लिए कंट्रोलरूम को मैसेज दिया। इसके थोड़ी देर बाद महिला स्टाफ उप निरीक्षक हंसा और महिला पूनम कुमारी गेट पर आई और अनुराधा रानी को समझाने लगी। फिर भी अनुराधा नहीं मानी और सीआई के साथ बहस करते हुए अचानक गाल पर थप्पड़ मार दिया। इस पर तुरंत ही हंसा व पूनम ने अनुराधा रानी को पकड़ लिया। पूरे घटनाक्रम के बाद सीआईएसएफ सीआई ने एयरपोर्ट पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। इसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी अनुराधा रानी को हिरासत में ले लिया। पूरी घटना को लेकर स्पाइसजेट का कहना है कि जयपुर हवाई अड्डे पर हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन गेट पर एक कैटरिंग वाहन को एस्कॉर्ट करते समय उनके एयरलाइंस की महिला सुरक्षा स्टाफ को सीआईएसएफ कर्मियों की अनुचित और अस्वीकार्य भाषा का सामना करना पड़ा। जबकि उनके पास भारत के नागरिक उड्डयन सुरक्षा नियामक ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी द्वारा जारी वैध हवाईअड्डा प्रवेश पास था।

## सुप्रीम कोर्ट से जमानत, लेकिन जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल

### सुप्रीम कोर्ट बोला- सीएम बने रहना है या नहीं खुद तय करें




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी बेंच को भेज दिया है।मुख्यमंत्री केजरीवाल के वकील ऋषिकेश कुमार ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया कि %सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी है और धारा 19 और गिरफ्तारी की आवश्यकता का मुद्दा बड़ी बेंच को भेज दिया गया है। हालांकि, केजरीवाल को सीबीआई से जुड़े मामले में जमानत नहीं मिली है, ऐसे में वे फिलहाल जेल में ही रहेंगे। अंतरिम जमानत मामले में भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि 'अंतरिम जमानत किसी के द्वारा किए गए अपराध से राहत नहीं है। अंतरिम जमानत में व्यक्ति को जेल से बाहर रहने का प्रावधान है। उन्?होंने कहा कि 'अंतरिम जमानत में मामला आगे बढ़ने पर व्यक्ति को जेल से बाहर रहने का प्रावधान है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अरविंद केजरीवाल ने कोई घोटाला नहीं किया है। गौरतलब है कि जून में सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल को तिहाड़ जेल से हिरासत में ले लिया था।। कोर्ट की अनुमति के बाद सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल से पूछताछ की और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले दिल्ली सीएम को ईडी ने 21 मार्च को अरेस्ट किया था। मार्च में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर 1 जून को सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी।

## मुंबई में रात से हो रही भारी बारिश, नवी मुंबई सहित कई इलाके हुए जलमग्न, ऑरेंज अलर्ट जारी



**मुंबई।** मुंबई में रात से हो रही लगातार भारी बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। बारिश की वजह से शहर के कई हिस्सों में जलभराव देखने को मिल रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने मुंबई के लिए ऑरेंज अलर्ट और ठाणे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। रात भर हुई बारिश के कारण नवी मुंबई के कई इलाकों में पानी भर गया है। वहीं, शहर में ट्रैफिक धीमे चल रहा है।मौसम विभाग ने मुंबई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए शुक्रवार और शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश का संकेत दिया है। मौसम के ज्यादा खराब होने की स्थिति में ऑरेंज अलर्ट जारी किया जाता है। इससे रेल, सड़क और हवाई परिवहन सुविधाएं प्रभावित होती हैं। मुंबई के पास पालघर में भी आज सुबह से ही भारी बारिश हो रही है। बता दें कि कुछ दिन पहले भारी बारिश के कारण मुंबई में जलभराव और ट्रैफिक की समस्याएं सामने आई थीं। मौसम विभाग ने कहा है कि 12 जुलाई तक पालघर, ठाणे, धुले, नंदुरबार, जलगांव, नासिक, अहमदनगर, कोल्हापुर, सांगली, शोलापुर, औरंगाबाद, जालना, परभणी, बीड, हिंगोली, नांदेड़, लातूर, उस्मानाबाद, अकोला, अमरावती, बुलढाणा, गढ़चिरौली, नागपुर, वर्धा, वाशिम और यवतमाल में भारी बारिश होने की संभावना है।

### सीएम कल मुंबई में करेंगे इंटरेक्टिव सेशन

## मोहन सरकार ने शुरू की ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 की तैयारियां

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में इंवेस्ट मध्यप्रदेश- ग्लोबल इंवेस्टर समिट-2025 की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसका मकसद मध्यप्रदेश का विकास और युवाओं को रोजगार के अवसर देना है। तैयारियों के तहत मध्यप्रदेश में निवेश, नवाचार और विकास को बढ़ावा देने के लिए मुंबई में जीआईएस-2025 के पहले इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 जुलाई 2024 को मुंबई के होटल ताज महल पैलेस में होगा। इंटरएक्टिव सेशन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव निवेशकों को प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ने, उद्योगपतियों के साथ संपर्क स्थापति करने के साथ मध्यप्रदेश में निवेश और शासन द्वारा संभावित सहयोग को लेकर उद्योगपतियों से बातचीत करेंगे। मुंबई में आयोजित होने वाले इंटरएक्टिव सेशन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में निवेश और इसकी संभावनाओं को लेकर उद्योगपतियों को संबोधित कर मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए सरकार के दृष्टिकोण पर अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा प्रदेश में निवेश, औद्योगिक परिदृश्य एवं विकास की संभावनाओं को लेकर प्रेजेंटेशन देने के साथ मप्र में व्यावसायिक संभावनाएं तलाशने वाले निवेशकों को जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में देश के प्रमुख व्यवसायिक संगठन, कंपनी एवं उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में घोषित किया है। प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में लगातार विकास की रणनीति बनाई जा रही है। इसी के तहत इन्वेस्ट मध्यप्रदेश- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 का कार्यक्रम भोपाल में प्रस्तावित है। जीआईएस-2025 का उद्देश्य मध्यप्रदेश को अनुकूल निवेश के रूप में स्थापित करना और देश के अग्रणी राज्य में मप्र को शामिल कराना है। औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन विभाग, भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से प्रदेश में निवेश के अवसरों पर इंटरएक्टिव सेशन का आयोजन किया जा रहा है।

### बजट से पहले सरकार का तोहफा

## 7 करोड़ कर्मचारियों को पीएफ पर मिलेगा 8.25 प्रतिशत ब्याज



**नई दिल्ली।** बजट से पहले करीब 7 करोड़ ईपीएफओ मेंबर्स के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को बड़ा ऐलान करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि डिपॉजिट के लिए ब्याज बढ़ोतरी की मंजूरी दे दी है। इस साल फरवरी में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर की 8.25 प्रतिशत का ऐलान किया था, जिसे अब फाइनेंस मिनिस्ट्री की तरफ से मंजूरी दे दी गई है। ईपीएफओ ने पिछले वर्ष की 8.15त्न की दर से 2023-24 के लिए ब्याज दर बढ़ाकर 8.25त्न कर दी। ईपीएफओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफ सदस्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8.25त्न की ब्याज दर सरकार द्वारा मई 2024 में नोटिफाई कर दिया गया है। अब सिर्फ कर्मचारियों को पीएफ का ब्याज अकाउंट में क्रेडिट होने का इंतजार हैष ईपीएफओ के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने फरवरी में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पीएफ पर ब्याज बढ़ाने का ऐलान किया था। पीएफ के ब्याज को 8.15 प्रतिशत सालाना से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत करने का फैसला किया थाष सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को सहमति के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा गया था, जिसे अब मंजूरी दी जा चुकी है। पिछले साल 28 मार्च को ईपीएफओ ने 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि खातों के लिए 8.15 प्रतिशत की ब्याज दर की घोषणा की थी। वहीं ईपीएफओ ने 2022 के लिए 8.10त्न का ब्याज दिया था। ईपीएफओ ने जब घटाया था ब्याज मार्च 2022 में ईपीएफओ ने करीब 7 करोड़ कर्मचारियों को बड़ा झटका दिया था. कर्मचारियों के लिए 2021-22 के लिए पीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो 2020-21 में 8.5 प्रतिशत था। ब्याज में कटौती होने के बाद ईपीएफ का ब्याज 1977-78 के बाद से सबसे कम हो गया था। वित्त वर्ष 1977-78 में ईपीएफ ब्याज दर 8 प्रतिशत था। 2020-21 के लिए ईपीएफ जमा पर 8.5 प्रतिशत ब्याज दर सीबीटी द्वारा मार्च 2021 में तय की गई थी।

### प्रधान न्यायाधीश का स्वास्थ्य मंत्रालय से सवाल

## विद्यार्थियों की आत्महत्या रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने देश में विद्यार्थियों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को आत्महत्याएं रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि छात्रों की आत्महत्या एक बहुत ही गंभीर सामाजिक मुद्दा है। अधिवक्ता गौरव बंसल ने जनहित याचिका दायर कर मांग की थी कि बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बंसल ने बताया कि आरटीआई के तहत दिल्ली पुलिस से प्राप्त जवाब के अनुसार, 2014 से 2018 के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 18 वर्ष से कम आयु के 400 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। समाचार एजेंसी आईएएनएस की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों का कहना है कि आत्महत्या भारत में युवा और वृद्ध दोनों लोगों के लिए सबसे बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। हाल के वर्षों में छात्रों के बीच आत्महत्या की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। यह समस्या न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। छात्रों में आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अकादमिक दबाव, परिवार की अपेक्षाएं, सामाजिक दबाव और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं शामिल हैं। अप्रैल में जारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2022 में 1.71 लाख लोगों ने आत्महत्या की। आत्महत्या की दर बढ़कर प्रति 1,00,000 व्यक्तियों पर 12.4 हो गयी है, जो भारत में अब तक दर्ज की गयी सर्वाधिक दर है।

## पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय बल में मिलेगा 10 प्रतिशत आरक्षण

**नई दिल्ली।** पूर्व अग्निवीरों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पूर्व अग्निवीरों को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्तियों में दस फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा उन्हें शारीरिक मानदंड (फिजिकल) में भी छूट दी जाएगी। बीएसएफ और सीआईएसएफ के प्रमुखों ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है। यह फैसला केंद्रीय रक्षा मंत्रालय द्वारा लिया गया है। सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह और बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने इस बात की जानकारी दी है। आपको बता दें कि हाल ही में अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले



लिए हैं।

**हंगामे के बीच रक्षा मंत्रालय ने लिए बड़े फैसले-** हाल ही में अग्निपथ और अग्निवीर योजना को लेकर देश की संसद में काफी हंगामा मचा था। इसके ठीक बाद रक्षा मंत्रालय ने ये बड़े फैसले लिए हैं। सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि आगामी भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा शारीरिक मानदंड (फिजिकल) और आयु में भी पूर्व अग्निवीरों को छूट दी जाएगी। पहले वर्ष में भर्ती के दौरान अग्निवीरों को आयु में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। इसके बाद, अगले वर्ष की भर्ती के दौरान आयु में तीन वर्ष की छूट मिलेगी। नीना सिंह ने आगे कहा कि इस तरह से सीआईएसएफ को भी पूर्व प्रशिक्षित सैन्य कर्मी मिल सकेंगे, जो कि बहुत फायदेमंद रहेगा।

**चार वर्ष का अनुभव बीएसएफ के काम आएगा-** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने कहा, पूर्व अग्निवीरों के पास चार वर्ष का अनुभव होगा। वे पूरी तरह से अनुशासित और प्रशिक्षित होंगे। यह बीएसएफ के लिए काफी मददगार साबित होगा। छोटे से प्रशिक्षण के बाद उन्हें देश की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। नितिन अग्रवाल ने आगे बताया कि देश के सभी सुरक्षा बलों को फायदा मिलेगा। उन्होंने आगे कहा,ह्यपूर्व अग्निवीरों को बीएसएफ भर्ती में 10 फीसदी आरक्षण मिलेगा। उन्हें आयु में भी छूट दी जाएगी।

**सीआईएसएफ में शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट-** सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी तैयारियां कर ली गई हैं। उन्होंने कहा, कांस्टेबलों के 10 प्रतिशत पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा, उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षा में भी छूट दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व अग्निवीरों को भर्ती प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी और उनकी योग्यता को सम्मान मिलेगा। **राजनाथ सिंह ने राहुल को दिया था जवाब-** हाल ही में खत्म हुए संसद सत्र के दौरान विपक्ष ने अग्निपथ योजना को लेकर सवाल उठाए। सरकार को घेरने के बाद अग्निपथ योजना पर उठे विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों का खंडन करते हुए कहा था कि 158 संगठनों से सुझाव लेने के बाद इसे लागू किया गया था। सैन्य भर्ती योजना को लेकर राहुल गांधी ने दावा किया कि सरकार अग्निवीरों को इस्तेमाल करके फेंक देने वाले मजदूर के रूप में देखती है और उन्हें शहीद का दर्जा भी नहीं देती।

**14 जून, 2022 को शुरू हुई थी अग्निपथ योजना-** 14 जून, 2022 को शुरू की गई अग्निपथ योजना में 17.5 से 21 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को चार वर्षों के लिए भर्ती करने का प्रावधान है, जिसमें उनमें से 25 प्रतिशत को भारतीय सशस्त्र बलों में 15 और वर्षों के लिए बनाए रखने का प्रावधान है।

केंद्रीय सुरक्षा बलों में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उठाया गया एक बड़ा कदम है। यह कदम पूर्व अग्निवीरों को नई जिम्मेदारियों के साथ समाज में फिर से स्थापित होने का अवसर देगा। मंत्रालय का मानना है कि पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा से उन्हें रोजगार के नए अवसर देगी और उनकी सेवाओं को सम्मान मिलेगा। यह कदम सुरक्षा बलों की क्षमता को बढ़ाएगा और देश की सुरक्षा को मजबूत करेगा।

# सीए इंटर और फाइनल-2024 में भोपाल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**सिटी चीफ भोपाल।**
इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने गुरुवार (11 जुलाई) को सीए मई 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। सीए इंटर मई 2024 परीक्षा में 18.42 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जबकि सीए फाइनल छात्रों का पास प्रतिशत 19.88% रहा है। भोपाल के एपीटी की डायरेक्टर सीए रचना पारेख दुबे ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे सेंट्रल इंडिया में भोपाल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सीए इंटर में एपीटी के लगभग 175 से अधिक छात्रों ने सफलता हासिल की। जिसमें भोपाल के प्रतीक नागर 406/600 अंक, प्रणव अग्रवाल 405/600, खुशी अग्रवाल 398/600 और इसबा आसिफ ने 382/600 अंक हासिल कर भोपाल का परचम लहराया।




भोपाल के एपीटी की डायरेक्टर सीए रचना पारेख दुबे ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे सेंट्रल इंडिया में भोपाल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। नेशनल लेवल पर बच्चों ने झंडा गाड़ा है। एपीटी के 175 बच्चों ने इंटर क्वालिफाइ किया है। साथ ही हमारे यहां से जो बच्चे इंटर पढ़ हैं और फाइनल की तैयारी खुद की है ऐसे 60 से अधिक बच्चों ने सीए फाइनल क्लियर किया है। रचना ने आगे बताया कि इस अवसर पर बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को एमपी नगर में किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भगवान दास सबनानी शामिल होंगे।

भोपाल के इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भोपाल(आईपीएस) से पास आउट प्रतीक ने बताया कि 12वीं के बाद ढाई महीने कोचिंग की और सीए फाउंडेशन क्लियर किया। अगस्त 2023 से सीए इंटर की तैयारी शुरू की। प्रतीक अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को देना चाहते हैं। आगे उनका प्लान ओरिएंटेशन कोर्स, ट्रेनिंग और आर्टिकल शिप करने का है। प्रतीक ने बताया कि आखिरी तीन महीने उन्होंने खुद को सोशल मीडिया से दूर कर लिया था और पूरा फोकस पढ़ाई पर कर दिया है। जिसमें उनके परिवार को बहुत सपोर्ट मिला।

भोपाल के सेंट जोसेफ को एड स्कूल से पढ़े प्रणव अग्रवाल ने 600 में से 405 अंक हासिल किए हैं। प्रणव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और टीचर्स को दिया है। प्रणव ने बताया कि इसके बाद आर्टिकलशिप करेंगे। प्रणव ने तैयारी कर रहे छात्रों को टिप्स देते हुए कहा कि सभी विषय पर बराबर ध्यान दे और कंसेप्ट पर फोकस करें। खुद पर भरोसा रखे और पढ़ाई में अपना 100% देने से सफलता अवश्य मिलेगी।

भोपाल के ज्ञान गंगा आर्किड्स इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ी खुशी अग्रवाल ने 600 में से 398 अंक हासिल किए हैं। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और एपीटी की फैकल्टी को दिया है। खुशी ने बताया कि आगे अपना ओरिएंटेशन कोर्स स्टार्ट करेंगी इसके बाद आर्टिकलशिप करेंगी। उन्होंने बताया कि ध्यान भटकाने वाली सभी चीजों को खुद से दूर कर लिया साथ ही लगातार पढ़ाई में फोकस किया। खुशी ने तैयारी कर रहे छात्रों को टिप्स देते हुए कहा कि खुद पर भरोसा रखे और पढ़ाई में अपना 100% देने से सफलता अवश्य मिलेगी।

# चेक पोस्ट बंद करने के निर्णय से ट्रांसपोर्ट कांग्रेस खुश

## सीएम मोहन यादव को दिया धन्यवाद

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्यप्रदेश में पारदर्शी और स्वच्छ शासन को क्रियान्वित करने के लिए नौ जुलाई को पांडुचेरी में आयोजित हुई एआईएमटीसी की 216वीं कार्यकरिणी समिति में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग एंव समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव जारी किया है। प्रस्ताव में समिति पदाधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के समर्थन और सहयोग के लिए भी आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के अध्यक्ष अमृतलाल मदान, चेयरमैन डॉ. जीआर शन्मुगप्पा और कोर कमेटी के चेयरमैन बल मलकित सिंह ने मध्यप्रदेश में एक जुलाई 2024 से अवैध बॉर्डर चेक पोस्ट्स को समाप्त करने का वादा पूरा करने के लिए नौ जुलाई को पांडुचेरी में आयोजित एआईएमटीसी की 216वीं कार्यकरिणी समिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार के समर्थन और सहयोग के लिए आभार एवं हार्दिक धन्यवाद का प्रस्ताव पारित किया।



**डॉ. यादव के नेतृत्व में पारदर्शी शासन की प्रतिबद्धता**
धन्यवाद प्रस्ताव जारी करने के पश्चात एआईएमटीसी के कमेटी के चैयरमेन बल मलकित सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के चेकपोस्ट बंद करने के निर्णय का ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस एआईएमटीसी ने स्वागत किया है। ट्रांसपोर्टस ने डॉ. यादव के निर्णय की सराहना की और इसे ऐतिहासिक बताते हुए मध्यप्रदेश की तरह अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से भी इस व्यवस्था को अपनाने की मांग की है।

बैठक में मौजूद ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव का मध्यप्रदेश में चेक पोस्ट नाके बंद करने का निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति प्रतिबद्धता के तहत, राज्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव आया है, यह कदम परिवहन क्षेत्र में भ्रष्टाचार और उत्पीड़न को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। परिवहन समुदाय को उम्मीद है कि यह कदम एक अच्छा शासन वातावरण बनाएगा, विदेशी निवेश आकर्षित करेगा और राज्य को छवि को एक मेहमाननवाज क्षेत्र के रूप में बढ़ाएगा।

**पीएम मोदी के भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के दृष्टिकोण को मजबूती**
समिति ने प्रस्ताव जारी करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भ्रष्टाचार-मुक्त भारत के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी और सामानों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी, जिससे लॉजिस्टिक लागत कम होगी और मेक इन इंडिया पहल को समर्थन मिलेगा।

**क्या है ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस**
ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी), भारतीय परिवहन समुदाय का एक गैर-राजनीतिक, धर्मनिरपेक्ष, गैर-लाभकारी शीर्ष संगठन, 1936 से इस क्षेत्र की सेवा कर रहा है। एआईएमटीसी 95 लाख ट्रक ड्राइवरों और परिवहनकर्ताओं, लगभग 50 लाख बस, पर्यटक टैक्सी, और मैक्सी कैब ऑपरेटरों का प्रतिनिधित्व करता है और पूरे भारत में 3,500 से अधिक तालुका, जिला, राज्य-स्तरीय संघों और परिवहन संघों की आवाज है, जो लगभग 20 करोड़ लोगों को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से परिवहन व्यापार से जोड़ता है।

# ज्यादा बारिश वाले टॉप-5 जिलों में भोपाल भी शामिल

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मध्यप्रदेश के सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-5 जिलों में भोपाल भी शामिल हैं। यहां अब तक 12.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह कोटे की 32% बारिश है। ओवरऑल बारिश में भोपाल आगे जरूर है, लेकिन जुलाई की बारिश से पिछड़ रहा है पिछले 10 दिन में सिर्फ 3 इंच ही बारिश हुई है। अगले 21 दिन में 11.4 इंच पानी गिरने पर जुलाई का कोटा पूरा होगा। हालांकि, अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट है। ऐसे में आंकड़ा बढ़ सकता है। गुरुवार को सुबह से ही बादल छाए हुए हैं।



भोपाल में जुलाई में खूब बारिश होती है। इस महीने में 1031.4 मिमी यानी 41 इंच के करीब बारिश होने का रिकॉर्ड है। यह साल 1986 को हुई थी। वहीं, 22 जुलाई 1973 को 24 घंटे में 11 इंच बारिश हुई थी। यह भी अब तक का रिकॉर्ड है। इस बार 23 जून को मानसून ने आमद दी। अब तक की स्थिति में आंकड़े बेहतर है। सामान्य से 32% ज्यादा बारिश हो चुकी है।

**ऐसे समझे जुलाई की बारिश का गणित**
जुलाई महीने की एवरेज बारिश 367.7 मिमी यानी 14.4 इंच है। 1 से 10 जुलाई तक भोपाल में 75.9 मिमी यानी 3 इंच पानी गिर चुका है। कोटा पूरा होने में अब 11.4 इंच पानी की और जरूरत है।

**बड़ा तालाब में बढ़ रहा पानी**
बारिश होने से बड़ा तालाब में पानी का लेवल बढ़ रहा है। डेढ़ फीट पानी बढ़कर लेवल 1659 फीट पहुंच गया है। बड़ा तालाब के कैचमेंट एरिया और कोलांस नदी में भी पानी की अच्छी आमद है।

**इस बार 106% बारिश का अनुमान**
भोपाल में इस साल सामान्य से 106% बारिश होने का अनुमान है। पिछली बार 18% कम यानी, 82% (30.9 इंच) बारिश हुई थी। जबकि भोपाल की सामान्य बारिश 37.6 इंच है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अबकी बार भले ही मानसून 3 दिन की देरी से पहुंचा, लेकिन अच्छा बरसेगा।

# विधायकों की गुहार, बात नहीं सुनते कलेक्टर... अब सर्जरी की तैयारी

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव से वन टू वन चर्चा में कई विधायकों का दर्द छलक पड़ा है। उनकी शिकायत है कि उनके जिला कलेक्टर उनकी किसी बात, मांग, सुझाव, प्रस्ताव पर तवज्जो नहीं देते हैं। इसका असर यह है कि निचले अधिकारी और कर्मचारी भी विधायकों को नजरअंदाज कर रहे हैं। विधायकों की इन शिकायतों के बाद प्रदेश में एक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी के हालात लहरा रहे हैं। उम्मीद है कि इस फेरबदल में करीब 12 जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। संभावना यह भी है कि बदलाव की यह लहर मंत्रालय तक भी आ सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी। विकास और सरकार मजबूती को लेकर हुई चर्चा के लिए संभागवार बैठकों में प्रदेश की सभी विधानसभा से विधायक पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान विधायकों ने काम के दौरान आने वाली समस्याओं से भी सीएम को अवगत कराया था। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी कि उनके जिलों के कलेक्टर उनकी बात को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसकी वजह से उनकी विधानसभा में विकास की कवायद पूरी नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि विधायकों की शिकायत के बाद प्रदेश में एक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी शुरु हो गई है। बताया जा रहा है कि जल्दी ही करीब 12 से ज्यादा जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। यह भी बताया जा रहा है कि इस फेरबदल में मंत्रालय के कुछ आला अफसरों का बदलाव भी हो सकता है।



# सीएम मोहन यादव पहुंचे पुलिस परिवार के बीच, पौधा लगाया

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस परिवार की तरफ से आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर डीजीपी सुधीर सक्सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पर्यावरण दिवस पर एक प्रेरणा पूरे देश में जन अभियान बन गई है। मध्यप्रदेश सरकार ने पांच करोड़ 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। बता दें कि राजधानी भोपाल ने 40 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए भोपाल को बधाई। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इंदौर में एक्सीलेंस कॉलेज का शुभारंभ करने के साथ ही 11 लाख पौधे लगाने के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल,



जंगल और जमीन हमें प्रकृति से जोड़ती है। नए विज्ञान की उन्नति की राह में जंगलों पर जो आरियां चलाई गई, उसकी कीमत भी हम लोग चुका रहे हैं। खास तौर से कार्बन उत्सर्जन का वातावरण जो बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी भरपाई पौधरोपण से हो सकती है। लेकिन सिर्फ पौधा लगाने से नहीं उसके पांच फीट की ऊंचाई तक बढ़े होने पेड़ बनने तक चिंता करना भी जरूरी है। यह संवेदनशील तरीका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोड़ा है कि मां के साथ सेल्फी लेना या मां नहीं है तो उनके चित्र के साथ पौधा लगाना। यह संवेदना का बड़ा गहरा पक्ष है। हमारी पूरी संस्कृति मां आधारित है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस की तरफ से कार्यक्रम आयोजन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पुलिस के लिए साढ़े सात हजार से ज्यादा पद हमने बजट में रखे हैं। ताकि जरूरतों को पूरा किया जा सके। यह कार्यक्रम पुलिस का एक सकारात्मक स्वरूप दिखाई देता है। पुलिस ने अपनी सख्ती से अपने मूल रूप को भी कायम किया हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग विभाग अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। मेरी तरफ से पुलिस परिवार को बधाई। यह प्रकृति से जुड़ने का तरीका भी है। मेरी अपनी ओर से बधाई।

## आंगनबाड़ी के बच्चों को सप्ताह में एक-दो दिन मिलेगा श्रीअन्न से बना भोजन

**भोपाल।** प्रदेश के 97 हजार 135 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को सप्ताह में एक या दो दिन मोटे अनाजर (श्रीअन्न) से बनी चीजें देने की तैयारी है। साथ ही हर अंचल में वहां की प्रसिद्ध और बच्चों के लिए रुचिकर चीजें दी जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए उस अंचल में प्रसिद्ध खाने की चीजों के आधार पर पूरे एक सप्ताह के भोजन का खाका तैयार किया जाएगा। दरअसल, केंद्र और प्रदेश सरकार मोटे अनाज के उत्पादन और उपभोग को बढ़ावा दे रही है। इसका, बड़ा कारण इनमें प्रचुर मात्रा में उपलब्ध पोषक तत्व हैं। कुपोषण और बीमारियों के कारण शून्य से छह वर्ष के उम्र के बच्चों में से 40 प्रतिशत ठिगनापन और 27 प्रतिशत कम वजन के हैं। इनमें कुछ बच्चे ठिगनापन और कम वजन दोनों के शिकार हैं। इस कारण पोषण आहार में बदलाव की तैयारी है।

# रिटायर्ड लेक्चरर का डिजिटल अरेस्ट, फिर ठगो ने 7 दिन में ऐसे वसूले 1.30 करोड़

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। भोपाल शहर से साइबर अपराध का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक रिटायर्ड लेक्चरर से 1.30 करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है। जालसाजों ने सीबीआई अधिकारी बनकर वीडियो कॉल किए और लेक्चरर को इतना डराया कि वे 7 दिन तक डिजिटल अरेस्ट हो गए। जालसाजों ने पीड़ित को मानसिक रूप से कैद कर लिया। और फिर उनसे डरा धमकाकर पैसे मांगने लगे। उन्होंने एफआईआर से लेकर गिरफ्तारी तक सारे हथकंडे लेक्चरर के खिलाफ अपनाए, जिनसे वे खुद को बचा न सके। दरअसल, भोपाल निवासी 66 वर्षीय रिटायर्ड लेक्चरर को एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम अधिकारी बताया। कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल करके एक पार्सल कंबोडिया भेजा जा रहा है, जिसमें अवैध सामान है। जालसाज ने लेक्चरर को धमकाते हुए कहा कि उनके पास बेनामी संपत्ति है और उनकी शिकायत थाने में दर्ज कर दी गई है। इसके बाद उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सीबीआई अधिकारी बनकर डराया**
कुछ देर बाद, एक अन्य अज्ञात नंबर से एक और वीडियो कॉल आया। जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। उसने लेक्चरर को डराया और उनसे पैसे मांगे। उसने कहा कि आप सज्जन आदमी है और आपका नाम कबूतरबाजी जैसे गंभीर अपराधों में है। इसलिए जैसा कहा जा रहा है, वैसा ही कीजिए।




**डर के आगोश में लेक्चरर**
जालसाजों के डर और धमकियों से घबराकर, लेक्चरर ने 7 दिनों तक घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। उन्होंने जालसाजों को 1.30 करोड़ रुपए की रकम विभिन्न तरीकों से ट्रांसफर कर दी। जब उन्होंने लेक्चरर को परेशान करना बंद किया तब लेक्चरर ने बैंक में संपर्क किया। जिसके बाद उन्हे पता चला कि उनका बैंक अकाउंट तो खाली हो गया है। उनकी जमा पूंजी लेकर साइबर अपराधी फरार हो गए हैं।

**पुलिस का कहना**
इस घटना के बाद पीड़ित ने भोपाल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। स्टेट साइबर सेल ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। यह भारतीय दंड संहिता की नई धाराओं के तहत साइबर सेल द्वारा दर्ज किया गया पहला अपराध है। पुलिस ने बताया कि ठगों के डराने और धमकाने के कारण उन्होंने ऐसा कदम उठाया।

## संपादकीय

# आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक फैसले का समय

*जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को सेना के काफिले पर हुआ आतंकी हमला इस बात की नए सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नए पैटर्न दिख रहे हैं जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं।*

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को सेना के काफिले पर हुआ आतंकी हमला इस बात की नए सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नए पैटर्न दिख रहे हैं जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं। इसी साल की बात करें तो जम्मू क्षेत्र में छह बड़ी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें रियासी क्षेत्र में बस पर हुआ हमला शामिल है, जिसमें 9 तीर्थयात्री मारे गए थे। पहली बात तो यह कि तीर्थयात्रियों को निशाना बनाना भी जम्मू कश्मीर में हिंसा की पृष्ठभूमि को देखते हुए कोई सामान्य बात नहीं है। दूसरी बात यह कि घाटी में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई चौकसी के मद्देनजर आतंकी तत्वों ने जम्मू के अपेक्षाकृत शांत माने जा रहे इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में घात लगाकर किये गये आतंकी हमले में पांच सैनिकों का शहीद होना दुखद घटना है। हाल के दिनों में सेना व सुरक्षाबलों पर लगातार बढ़ते आतंकी हमलों ने देश की चिंता बढ़ाई है। हाल के लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में भारी मतदान को संकेत माना जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर का जनमानस राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर लोकतंत्र पर भरोसा जता रहा है। यह भी कि राज्य में बहुप्रतीक्षित विधानसभा चुनाव के लिए अनुकूल माहौल बन रहा है। लेकिन हाल में लगातार बढ़ते हमलों ने हमारी चिंता बढ़ा दी है। यहां उल्लेखनीय है कि ये हमले केंद्र में तीसरी बार राजग सरकार के सत्तारूढ़ होने के बाद अचानक बढ़े हैं। बहरहाल आठ जुलाई को सुनियोजित ढंग से किए गए चरमपंथी हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत पांच जवानों की मौत हुई है, वहीं पांच सैनिक घायल भी हुए हैं। बताते हैं आतंकवादियों ने घाटी में मारे गए बड़े आतंकी बुरहान वानी की बरसी पर यह हमला किया है। बहरहाल, कठुआ से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर बदनोटा में हुए घातक हमले ने आतंकियों के दुस्साहस को उजागर किया है। सवाल उठता है कि जब सशस्त्र सैनिक भी आतंकवादियों की जद में आ रहे हैं तो आम नागरिकों के लिए तो यह कितनी बड़ी चुनौती होगी? हालांकि, इस हमले की अभी तक किसी चरमपंथी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन आशंका है कि पाक अधिकृत कश्मीर से आतंकवादियों को संरक्षण देने वाले संगठनों का इस घटना में हाथ हो सकता है। सेना इस इलाके में गहन सर्च अभियान चला रही है, लेकिन अभी घटना के सूत्र हाथ नहीं लगे हैं। दरअसल, घटनास्थल घने जंगलों से घिरा है और कठुआ से काफी दूर है। हाल के दिनों में आतंकवादियों ने जम्मू के इलाकों में आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। ग्यारह जून को भी कठुआ के एक गांव में हुई भिड़ंत में दो चरमपंथी तथा सीआरपीएफ का एक जवान मारा गया था। उल्लेखनीय है कि आठ जुलाई 2016 को सुरक्षाबलों से हुई मुठभेड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन कमांडर बुरहान वानी की मौत हो गई थी। जिसके बाद घाटी में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। बहरहाल, हाल के दिनों में बढ़ी आतंकवादी घटनाएं चिंता बढ़ाने वाली हैं। दरअसल, केंद्र सरकार दावा करती रही है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद आतंकी हमलों व पत्थरबाजी की घटनाओं में कमी आई है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि सोशल मीडिया पर पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पांच जवानों को खोने पर दुख जताया है और घटना की निंदा की है। निस्संदेह, जम्मू-कश्मीर की मौजूदा स्थिति की गंभीर समीक्षा की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि केंद्र में नई सरकार के लिए जनादेश आने के कुछ दिन बाद ही नौ जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए चरमपंथियों के हमले में नौ लोग मारे गए थे और बड़ी संख्या में यात्री घायल हुए थे। दरअसल, आतंकियों ने सुनियोजित तरीके से बस के चालक को निशाने पर लिया था और चालक के नियंत्रण खोने के बाद बस खाई में जा गिरी थी। यहां ध्यान देने योग्य बात यह भी कि केंद्र में भाजपा नीत गठबंधन के तीसरी बार सत्ता में आने के बाद हमलों में तेजी आई है। इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की गतिविधियां सीमा पार से मिलने वाली मदद के बिना संभव नहीं हैं। इसे पाकिस्तान की हताशा भी कहा जा सकता है। यह भी हो सकता है कि पाक हुक्मरान ये भ्रम पाले हों कि पूर्ण बहुमत न पाने के कारण दिल्ली में पहले जैसी सशक्त सरकार नहीं है, जो आतंकवाद का पहले की तरह सख्ती से मुकाबला कर सके। लेकिन पाकिस्तान को भारतीय लोकतंत्र की क्षमता, सक्षम तंत्र और सशक्त सेना की ताकत का अहसास होना चाहिए। लेकिन तय है कि आतंकवाद के इस नये छद्म युद्ध के मुकाबले के लिए केंद्र व सुरक्षा बलों को नए सिरे से रणनीति तैयार करनी होगी। हम अपने जवानों को यूं ही नहीं गवां सकते। फिलहाल पाकिस्तान को भी संदेश देने की जरूरत है कि वह आतंकवादियों को मदद देना बंद करे।

# संघ ने क्यों की नई जनसंख्या नीति की वकालत ?

*भारत में नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति का प्रस्ताव साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लाया गया था। यह केंद्र सरकार की दूसरी जनसंख्या नीति है। इसमें आबादी में बढ़ोतरी रोकने के लिए तात्कालिक उद्देश्य गर्भनिरोधक, स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य कर्मियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करना और बुनियादी प्रजनन और बाल स्वास्थ्य सेवा के लिए एकीकृत सेवा प्रदान करने जैसी बातें शामिल की गई थीं।*



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी एक पत्रिका ने देश के कुछ इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ जनसांख्यिकीय असंतुलन बढ़ने का दावा करते हुए चिंता जताई। पत्रिका के एक लेख में कहा गया है कि देश में व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है। ऑर्गेनाइजर साप्ताहिक के ताजा अंक में प्रकाशित संपादकीय में जनसंख्या के लिहाज से क्षेत्रीय असंतुलन पर नीतिगत हस्तक्षेप की वकालत की गई है। पत्रिका में लिखा गया है कि पश्चिम और दक्षिण के राज्य जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करने में अपेक्षाकृत बेहतर काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जनगणना के बाद आबादी में बदलाव होने पर संसद में कुछ सीट कम होने का डर है। संपादकीय के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या स्थिर होने के बावजूद, यह सभी धर्मों और क्षेत्रों में समान नहीं है। कुछ क्षेत्रों, खासकर सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें लिखा गया है कि पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्यों में सीमाओं पर अवैध विस्थापन की वजह से अप्राकृतिक तरीके से जनसंख्या वृद्धि हो रही है। संपादकीय के अनुसार, लोकतंत्र में जब प्रतिनिधित्व के लिए संख्या महत्वपूर्ण होती हैं और जनसांख्यिकी भाग्य का फैसला करती है, तो हमें इस प्रवृत्ति के प्रति और भी अधिक सतर्क रहना चाहिए।

ऑर्गेनाइजर वीकली ने कहा है कि भारत के बॉर्डर इलाकों में मुस्लिमों की आबादी बढ़ रही है। ऐसे में एक व्यापक राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण नीति की जरूरत है। मुखपत्र के संपादकीय में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्यों में सीमाओं पर अवैध विस्थापन की वजह से अप्राकृतिक तरीके से आबादी बढ़ रही है।

हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव से पहले एक रिपोर्ट आई, जिसकी चुनाव के दौरान खूब चर्चा हुई। इसमें कहा गया था कि भारत में 1950 से 2015 के बीच हिंदुओं की आबादी 7.82 फीसदी घट गई। इसी दौरान मुसलमानों की आबादी में 43.15 फीसदी बढ़ोतरी हुई। हिंदुओं की आबादी घटने का सिलसिला पड़ोसी हिंदू बहुल नेपाल में देखने को मिला है। साथ ही म्यांमार में भी बहुसंख्यक बौद्धों की आबादी में गिरावट आई है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच जनसांख्यिकी बदलाव के अध्ययन के बाद यह रिपोर्ट दी है। इन देशों में बहुसंख्यक उन्हें माना गया है, जिनकी आबादी 75 फीसद से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में 65 सालों में बहुसंख्यकों की आबादी में 22 फीसद की कमी आई है। लेकिन यह सिलसिला मुस्लिम बहुसंख्यक देशों पर लागू नहीं होता है। मुस्लिम बहुल 38 देशों में मुस्लिम आबादी बढ़ी है।

2022 में गृह मंत्रालय को भेजी गई यूपी और असम पुलिस की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि यूपी और असम में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास के इलाकों में मुस्लिम आबादी बढ़ती जा रही है। यूपी के नेपाल बॉर्डर से लगे पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, महराजगंज, बलरामपुर और बहराइच समेत 7 जिलों के बारे में कहा गया है, जहां मुस्लिम आबादी बीते 10 साल के दौरान 32% तक बढ़ गई है।

यूपी और असम पुलिस की रिपोर्ट में कहा गया है कि सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी 2011 के मुकाबले 32% तक बढ़ गई है। वहीं, पूरे देश में यह बदलाव 10% से 15% के बीच है। यानी, मुस्लिम आबादी सामान्य से 20% ज्यादा बढ़ी है। इन रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि सुरक्षा एजेंसियों और राज्यों की पुलिस ने आबादी में इन बदलावों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संवेदनशील है। ऐसे में सीमा सुरक्षा बल यानी इरत्र के अधिकार क्षेत्र का दायरा 50 किमी से बढ़ाकर 100 किमी किया जाए, ताकि वह इन इलाकों की जांच और तलाशी का अभियान तेज कर सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल बॉर्डर के पास यूपी के पांच जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, महराजगंज, बलरामपुर और बहराइच में मुस्लिमों की आबादी 2011 के राष्ट्रीय औसत अनुमान के मुकाबले 20% से ज्यादा अधिक बढ़ी है। इन जिलों में 1000 से अधिक गांव बसे हुए हैं। इनमें से 116 गांवों में मुस्लिमों की आबादी अब 50% से ज्यादा हो चुकी है। कुल 303 गांवों ऐसे हैं, जहां मुस्लिमों की आबादी 30 से 50% के बीच है।

यूपी के इन सीमावर्ती जिलों में मस्जिदों और मदरसों की संख्या अप्रैल 2018 से लेकर मार्च 2022 तक 25% बढ़ी है। 2018 में सीमावर्ती जिलों में कुल 1,349 मस्जिदें और मदरसे थे, जो अब बढ़कर 1,688 हो गए हैं।

दोनों राज्यों की पुलिस रिपोर्ट में मुस्लिमों की आबादी बढ़ने के पीछे यह संकेत दिया गया है। सीमाई इलाकों में काफी समय से घुसपैठ चल रही है। बाहर से आने वाले लोग ज्यादातर मुस्लिम हैं। असम के मुख्यमंत्री ने तो सुप्रीम कोर्ट में सीमा से घुसपैठ की बात स्वीकार की।

बांग्लादेश सीमा से सटे असम के जिले धुवरी, करीमगंज, दक्षिण सलमारा और काछर में मुस्लिम आबादी 32% तक बढ़ी है। 2011 में हुई जनगणना के राष्ट्रीय औसत अनुमान के लिहाज से आबादी में बढ़ोतरी 12.5% और राज्य स्तरीय अनुमान के मुताबिक 13.5% होनी चाहिए थी। सीमावर्ती जिलों में मुसलमानों की आबादी अचानक बढ़ना बहुत से लोगों को सामान्य बात लग सकती है। इसमें कहा गया है कि ये पाकिस्तान और चीन की साजिश भी हो सकती है।

प्रजनन दर के मायने यह हैं कि किसी समूह, राज्य या देश की कोई महिला अपने जीवनकाल में औसतन कितने बच्चों को जन्म दे रही है। अगर किसी देश की प्रजनन दर 3 है, तो उस देश की महिलाएं अपने जीवनकाल में औसतन 3 बच्चों को जन्म दे रही हैं। जम्मू-कश्मीर, केरल, पश्चिम बंगाल सहित जिन राज्यों में मुस्लिम आबादी 20% से ज्यादा है, वहां भी प्रजनन दर 1.8 से नीचे है। यहां हर 10 महिला अपने जीवनकाल में औसतन 18 बच्चों को जन्म दे रही है। इस मामले में वढ अपवाद है, जहां यह दर 2.4 है। 2011 की जनगणना के अनुसार, पूरे देश में हिंदू आबादी में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। जबकि पश्चिम बंगाल में हिंदू आबादी में 1.94 फीसदी गिरावट आई है। वहीं, पूरे देश में मुस्लिम आबादी 0.8 फीसदी बढ़ी है। जबकि इस दौरान मुस्लिम आबादी बढ़कर 1.77 फीसदी हो गई है, जो अच्छी खासी बढ़ोतरी है। ये आंकड़े 2011 की जनगणना के मुकाबले हैं। बंगाल में 2001 में मुस्लिम आबादी 25 फीसदी थी, जो 2011 में बढ़कर 27 फीसदी के पार जा चुकी थी। आज बंगाल की 9.5 करोड़ की आबादी में करीब 2.5 करोड़ मुसलमान हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, बंगाल के मुर्शिदाबाद में करीब 47 लाख मुस्लिम आबादी है, जबकि 23 लाख हिंदू हैं। वहीं, मालदा में 20 लाख मुस्लिम हैं, जबकि 19 लाख हिंदू हैं। उत्तरी दीनाजपुर में 15 लाख मुस्लिम हैं, जबकि 14 लाख हिंदू हैं। कभी बंगाल की राजधानी रहा मुर्शिदाबाद अब मुस्लिम बहुल इलाका है। यहां 2011 की जनगणना के मुताबिक कुल मुस्लिम आबादी बढ़कर 66.27 फीसदी है, जबकि हिंदू आबादी 33.21 फीसदी रह गई है।

भारत में नई राष्ट्रीय जनसंख्या नीति का प्रस्ताव साल 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में लाया गया था। यह केंद्र सरकार की दूसरी जनसंख्या नीति है। इसमें आबादी में बढ़ोतरी रोकने के लिए तात्कालिक उद्देश्य गर्भनिरोधक, स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य कर्मियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करना और बुनियादी प्रजनन और बाल स्वास्थ्य सेवा के लिए एकीकृत सेवा प्रदान करने जैसी बातें शामिल की गई थीं। वहीं, मध्यम अवधि के उद्देश् मेंय 2010 तक कुल प्रजनन दर (टीएफआर) को प्रतिस्थापन स्तर तक कम करना था। यह कुल प्रजनन दर प्रति महिला 2.1 बच्चे होनी थी। वहीं, दीर्घकालिक उद्देश्य 2045 तक एक स्थिर जनसंख्या प्राप्त करना है, जो टिकाऊ आर्थिक विकास, सामाजिक विकास और पर्यावरण संरक्षण की जरूरतों के मुताबिक हो। मगर, अभी तक किसी भी सरकार ने इसे सख्ती से लागू नहीं किया है।

# टैक्स छूट से बढ़ेगी खरीदारी-खपत जीडीपी में तेजी का कारण बनेगी रियायत

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक बार फिर बजट पेश करने की तैयारी में हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व उन्होंने जो अंतरिम बजट पेश किया था, वह भले ही संतुलित बजट था, लेकिन उसमें मध्यवर्ग को कोई राहत नहीं दी गई थी। अब जब वह पूर्ण बजट पेश करने वाली हैं, तो लोगों, खासकर मध्यवर्ग की उनसे उम्मीदें बढ़ गई हैं, क्योंकि फिलहाल वह राहत देने की स्थिति में हैं। यह मध्यवर्ग ही है, जो बड़े पैमाने पर खरीदारी करके अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनाए रखने में मदद करता है। वित्तमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि देश में बढ़ती खपत के कारण ही जीडीपी में तेजी दिख रही है। उन्होंने माना कि खपत बढ़ने से कारखानों की भी रफ्तार बढ़ जाती है, जिससे रोजगार बढ़ता है, जो अंतत: लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाकर खपत को बढ़ावा देता है। आज भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग भी इसी वर्ग के बूते फल-फूल रहा है। यही नहीं, देश का उच्च मध्यवर्ग लग्जरी आइटमों की खरीदारी करके भारी टैक्स भी दे रहा है। वह अच्छी शिक्षा पाने के लिए अपने बच्चों को ?विदेशी कॉलेज-यूनिवर्सिटी में भेजता है और भारतीय बैंकों को मोटा ब्याज देकर मालामाल करता है। मध्यवर्ग का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान उल्लेखनीय है, इसलिए वह सरकार से कुछ प्रोत्साहन की उम्मीद रखता है। इस बार सरकार की उम्मीदों से कहीं ज्यादा टैक्स की वसूली हुई है। प्रत्यक्ष और परोक्ष करों में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। जीएसटी वसूली बढ़कर हर महीने औसतन पौने दो लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंची है। दूसरी ओर आयकर में वसूली भी बढ़ गई है। यानी सरकार के पास राहत देने के लिए काफी गुंजाइश है। वित्तमंत्री चाहें, तो आयकर दरों में कटौती कर सकती हैं, जिसकी मांग लंबे समय से हो रही है। मध्यवर्ग और निम्न मध्यवर्ग के समक्ष आयकर एक बड़ी बाधा है, जो उसकी खर्च करने की क्षमता को सीमित कर रहा है। देश में महंगाई बढ़ने से लोगों को घर चलाने में दिक्कतें आ रही हैं। जनता की मांग है कि पुरानी आयकर दर को घटाकर 5 से 20 फीसदी कर दिया जाए, क्योंकि आयकर देने वाला जीएसटी भी दे रहा है। कुछ मामलों में तो करदाता कुल मिलाकर 50 फीसदी टैक्स दे रहा है। फिर भी उसे अपने बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा या मुफ्त स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल रही है। टैक्स में कटौती करने से उनकी खपत करने की ताकत ?भी बढ़ेगी। कुछ कारोबारियों का सुझाव है कि सभी प्रकार के टैक्स हटाकर एक देश-एक टैक्स की व्यवस्था करनी चाहिए। यानी बैंक लेन-देन कर प्रणाली लागू करनी चाहिए, ताकि कर अनुपालन में लगने वाले समय को बचाकर उसे कारोबार में लगाया जा सके। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि वित्तमंत्री 80सी की सीमा बढ़ाएं। वर्ष 2014 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने इसे बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये कर दिया था, जिससे करदाताओं को फायदा हुआ था। पिछले दस साल में महंगाई इतनी बढ़ गई कि अब इसका भी ज्यादा फायदा नहीं हो पा रहा है। इसलिए 80सी की सीमा को बढ़ाकर दो लाख रुपये कर देना चाहिए। गौरतलब है कि 80 सी में लगाया गया धन सरकार के भी काम आता है। लोग पीपीएफ, एनएससी वगैरह में जो निवेश करते हैं, उसे सरकार अपने काम में लगाती है। सरकार को 80 डी की सीमा में भी बढ़ोतरी करनी चाहिए। यह मेडिकल खर्च से जुड़ा हुआ है, जिसकी सीमा लंबे समय से नहीं बढ़ी है, जबकि चिकित्सा लागत में काफी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही चिकित्सा बीमा पर लगने वाले 18 फीसदी जीएसटी को भी कम करना चाहिए, क्योंकि बीमा कंपनियों ने अपने प्रीमियम अनाप-शनाप तरीके से बढ़ा दिए हैं। इस वजह से लाखों लोग बीच में ही स्वास्थ्य बीमा छोड़ देते हैं। बीमा को लोकप्रिय बनाने के लिए जरूरी है कि उसकी प्रीमियम पर टैक्स घटे। इससे बड़े पैमाने पर रोजगार भी सृजित होगा। अभी सरकार का खजाना भरा हुआ है और आने वाले समय में इसमें कुछ और बढ़ोतरी होगी। इसलिए वित्तमंत्री लोगों की मांगें पूरी कर सकती हैं। इतिहास गवाह है कि टैक्स दर घटाने से टैक्स वसूली नहीं घटती। जीडीपी बढ़ाने के लिए यह जरूरी है, क्योंकि मध्यवर्ग को दी गई टैक्स छूट, खरीदारी की शक्ल में बाजारों में आएगी और फिर खपत बढ़ेगी, जो जीडीपी में तेजी का कारण बनेगी।

# नवीन मुकुट और मुंडमाला से हुआ महाकाल का शृंगार, बाबा के दिव्य दर्शनों का भक्तों ने लिया लाभ



आषाढ़ शुक्ल पक्ष की षष्ठी और शुक्रवार के महासंयोग पर विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर मे सुबह 4 बजे भस्म आरती के दौरान वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत और फलों के रस से किया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट व मुंड माला धारण करवाई गई। इसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े की और से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। श्री महाकालेश्वर मन्दिर प्रबन्ध समिति के नेतृत्व में श्री महाकालेश्वर मंदिर में फायर सेफ्टी व विद्दयुत सुरक्षा हेतु मंदिर में कार्यरत विद्युत कर्मियों, सुरक्षा गार्डों को मंदिर में अग्निसुरक्षा यंत्रों का उपयोग करने तथा किसी घटना के दौरान सावधानियां रखने के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इस दौरान मंदिर के कर्मचारियों, सुरक्षागार्डों आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। क्रिस्टल कम्पनी के सीनियर ट्रेनिंग ऑफिसर संजय सुरालकर व मंदिर के सुरक्षा अधिकारी एवं प्लाटून कमांडो दिलीप बामनिया द्वारा ट्रेनिंग दी गई। दुर्घटना होने पर फायर ब्रिगेड के आने से पूर्व रखने वाली सावधानियों के सम्बन्ध में बताया गया। सबसे पहले कंट्रोल रूम को सूचना देने, वायरलेस का उपयोग नहीं करने, घटना वाले स्थान से ज्वलनशील पदार्थ हटाने व भीड़ को नियंत्रित कर घटना वाले स्थान से दूर ले जाने, मंदिर के अन्य स्थानों की लाइन रुकवाने व विद्युत सुरक्षा के लिए सभी स्थानों के मेन स्विच ऑफ करने (पावर कट करने) आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अग्निशमन यंत्रों के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बामनिया ने बताया कि सभी सुरक्षागार्डों व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के दौरान मंदिर में अग्निशामक यंत्र कहां-कहां लगे हैं उसका पता होना चाहिए, साथ ही ड्यूटी का स्थान बदलने पर भी उस स्थान पर सभी संसाधनों की उपलब्धता का ध्यान रखें।

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा

# नियत होनी चाहिये आप पत्थर में पौधे जिंदा रख सकते हैं, जरारूधाम में वह आपको देखने के लिये मिलेगा

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रधानमंत्री ने घोषणा की है और मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्य-प्रदेश साढ़े 5 करोड़ में पौधे लगेंगे। पूरे इंदौर जिले का यह लक्ष्य 51 लाख रखा है। पंचायत मंत्री होने के नाते मैंने तय किया कि जो पिछला रिकॉर्ड है उसके आधार पर ब्लॉक में दो पंचायत लीजिए जो पानी के सोर्स के पास हो, फेंसिंग हो और गर्मियों में पानी का प्रबंध हो, यदि आप 2000 पौधे लगाते हो और यदि उनको आपने बचा लिया तो आने वाले तीन साल में हम एक बूंद धरती मां को जल देने का योगदान करेंगे। इस आशय के विचार पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बटियागढ़ ब्लाक में स्थित जरारूधाम गौ-अभ्यारण में पौधारोपण के दौरान व्यक्त किये। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, विधायक हटा उमादेवी खटीक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा खासतौर पर मौजूद थे।



पंचायत मंत्री पटेल ने कहा बटियागढ़ ब्लॉक के जरारूधाम में 10 हजार पौधे लगाने का काम किया है, एक महीने पूर्व से यह तैयारी चल रही थी। पंचायत मंत्री पटेल ने सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा हम जरारूधाम में प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर और अन्य अवसरों पर वृक्षारोपण करते हैं लेकिन आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है और हमने यह भरोसा दिया है, कि जो पौधे यहां पर लगेंगे वह शत-प्रतिशत जीवित रहेंगे।

उन्होंने कहा तमाम कोशिशें के बावजूद भी पौधे वृक्ष नहीं बन पाते हैं और यदि 2 साल बाद पूरी ईमानदारी के बाद भी यदि कोई पौधा सूखता है, तो हम उसकी जगह पर दूसरा पौधा रिप्लेस करके उसी उम्र का, हम उस स्थान के स्थायित्व को बरकरार रखते हैं। मुझे सब की सद्भावना भी चाहिए, सहयोग हमें मिलता है, उन सभी सहयोगियों का हृदय से आभार है। उन्होंने कहा नियत होनी चाहिए आप पत्थर में पौधे जिंदा रख सकते हैं, जरारूधाम में वह आपको देखने के लिए मिलेगा, इसमें किसी की कोई बड़ाई नहीं है, लेकिन यदि आपकी नीयत ठीक है, गर्मियों में बच्चों के समान उनकी पानी की चिंता की है, तो पत्थर पर पौधे हो सकते हैं और उसके बाद भी मैंने 4 साल बाद फलते हुए वृक्ष को सूखते हुए देखा है, क्योंकि यहां नीचे चट्टान है, हमने इसका भी प्रबंध किया है कि इसके नीचे से गर्मियों में पानी बहाते हैं ताकि पौधे को जीवन मिलता रहे।

इस अवसर पर दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत मैं समस्त जिले वासियों से और खासकर लोकसभा के सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं की निरंतर प्रदूषण बढ़ने के कारण निरंतर अलग-अलग प्रकार की बीमारियां हो रही है, जैसे की हम देख रहे हैं की बारिश नहीं हो रही है उसका कारण यह है कि हमारा पूरा प्राकृतिक सिस्टम डिस्टर्ब हो गया है, इसलिए एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से आग्रह है। आज कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नेतृत्व में 10 हजार पेड़ लगाने का कार्य जरारूधाम में प्रारंभ हुआ है, इस अभियान को बढ़ाएं और पेड़ लगाए, जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे, उतना अच्छा हमारा प्रकृति का सिस्टम बनेगा। उन्होंने कहा एक बार सभी से पुनः आग्रह है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ते हुए हमारी प्रकृति को बचाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा आज जरारूधाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और दमोह के सांसद राहुल भैया के साथ यहां पर पेड़ लगाए हैं। मंत्री जी का यह संदेश है कि यहां पर 10 हजार से ज्यादा पेड़ लगाने हैं। उन्होंने बताया मैं भी सुबह से सभी कार्यकर्ताओं के साथ यहां पर आई हूं, पेड़ लगाये है और मैं सभी पंचायतों के सभी सरपंचों से आग्रह करना चाहती हूं कि वह भी अपनी पंचायत में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण कार्य में सहयोग करें।

हटा विधायक उमा देवी खटीक ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है भारत हमारा परिवार है, भारत के रखरखाव की जिम्मेदारी हमारी है। उन्हीं के आवाहन पर भारत को हरा भरा बनाने के लिए शासन की मंशा के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरे भारत में पेड़ लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार हो, जनप्रतिनिधि हो, समाजसेवी हो, बच्चे-बूढे हो सभी से हम आवाहन कर रहे हैं और एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरूर लगाए। उन्होंने कहा पेड़ तो लगाते है पर पेड़ लगाकर उसकी की रक्षा भी करें, रखरखाव करें और अपने बच्चों को भी समझाएं कि हमने यह पेड़ लगाया है अब आपकी जवाबदारी है इसको संचित और सुरक्षित करते हुए इसको बड़ा करना है। प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा दमोह जिले में 9 लाख वृक्षारोपण करने का लक्ष्य रखा है। इसी तारतम्य में आज बटियागढ़ ब्लॉक के जरारूधाम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नेतृत्व में और जैसा कि मध्य प्रदेश शासन की मंशा है उसी के तहत 10 हजार पौधों का रोपण किया है। यहां आसपास की सभी पंचायत से लोग आए हुए हैं, सभी हर्ष पूर्वक पौधा रोपण किया हैं। उन्होंने कहा हमारी मंशा होती है कि जो पौधा हमने लगाया है वह वृक्ष बने और एक सघन वन का निर्माण हो सके, सभी में ड्रिप सिस्टम भी लगाया गया है, ताकि पौधे को लगातार पानी मिलता रहे और पानी का वेस्टेज भी ना हो।

# पौधारोपण वहीं किया जाये जहां फेंसिंग हो-पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल

## जिले के समस्त सीईओ जनपद को दिये निर्देश

**धीरज कुमार अहीरवाल। सिटी चीफ दमोह,** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज जरारूधाम गौ-अभ्यारण में जिले के सभी जनपद सीईओ से कहा ब्लॉक में दो पंचायत लीजिए जो पानी के सोर्स के पास हो, फेंसिंग हो और गर्मियों में पानी का प्रबंध होना चाहिये, जहां पौधे लगाये जायें फेंसिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तभी पौधा रोपण हो। उन्होंने कहा तमाम कोशिशें के बावजूद भी पौधे वृक्ष नहीं बन पाते हैं और यदि 2 साल बाद पूरी ईमानदारी के बाद भी यदि कोई पौधा सूखता है, तो हम उसकी जगह पर दूसरा पौधा रिप्लेस करके उसी उम्र का, हम उस स्थान के स्थायित्व को बरकरार रखें । उन्होंने कहा पौधारोपण के बाद पौधे की देखरेख सुनिश्चित होना चाहिये, गर्मी में पौधे के लिये पानी की व्यवस्था की जानी चाहिये तभी पौधा पेड़ बन पायेगा।



# शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

## इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव धर्मेश भट्ट के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलाई में मूल अधिकार एवं कर्तव्य विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।




चतुर्थ जिला न्यायाधीश जितेन्द्र नारायण सिंह ने छात्र/छात्राओं को मूल अधिकार विषय पर जानकारी देते हुये बताया मूल अधिकारों का प्रयोग करते समय हर नागरिक को मूल कर्तव्यों को भी ध्यान में रखना चाहिए, क्योंकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू होते है। इसके साथ ही उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के विषय पर जानकारी देते हुये कहा इस अधिनियम के अंतर्गत बच्चों के साथ होने वाले लैंगिक अपराधों के संबंध में कठोर दण्ड का प्रावधान किया गया है। ऐसे अपराधों को छुपायें नहीं बल्कि अपने माता-पिता एवं शिक्षक के संज्ञान में लाना चाहिए ताकि अपराधी को दण्ड दिलाया जा सके।जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने छात्र/छात्राओं को मोटरयान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना 2015, चाईल्ड लाईन, नालसा हेल्पलाईन 15100 एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित कर अपने जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करते हुये उसकी प्राप्ति करने के लिए प्रयासरत रहने के साथ मोबाईल और इंटरनेट का प्रयोग करते समय सचेत व सतर्क रहने की बात कही, जिससे इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से दूर रहे। इस अवसर पर प्राचार्य अर्चना राय, शिक्षकगण एस.पी. पाठक, संगीता दुबे, डॉ. राजेश अठया, जी.पी. अहिरवार, आर.आर. श्रीवास्तव, सरोज जैन, अनिता जैन, उमा गुप्ता, विधि राय एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

जिला परिवहन अधिकारी ने स्कूल संचालकों एवं बस ड्राईवरों के साथ बैठक करी

# स्कूल संचालक एवं बस ड्राईवर यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ शाजापुर,** कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी विवेक दुबे, जिला परिवहन अधिकारी राकेश भूरिया एवं यातायात प्रभारी सौरभ शुक्ला द्वारा मक्सी में फेम गुरुकुल स्कूल में आसपास के सभी स्कूल संचालकों एवं बस ड्राईवरों की बैठक लेकर यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी दुबे ने निर्देश दिए कि बसों में ओवर लोडिंग न हो, कामर्शियल लाईसेंस पर हो, बस का रंग पीला हो और बस पर स्कूल का नाम स्पष्ट अक्षरों में पूरा लिखा हो। चालक, मालिक, प्राधानाध्यापक का मोबाईल नम्बर भी बस पर लिखा हो, यदि लड़कियां हैं तो नियमानुसार महिला परिचारिका, महिला शिक्षक होना चाहिए इसकी जिम्मेदारी संस्था प्रमुख व बस मालिक है।

**शाजापुर के महाविद्यालय में मार्गदर्शन कार्यक्रम**

# कार्यक्रम में अन्य अन्य विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी दी।

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार बीकेएसएन कॉलेज में स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उद्योग विभाग, कृषि विभाग, कृषि अभियान्त्रिकी, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, एलडीएम बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी, रोजगार विभाग, जनजातीय विभाग आदि विभागों के अधिकारियों ने उपस्थित होकर विभाग में संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

# मुर्तीजापुर मतदार संघ भावी आमदार सम्राट भाऊ डोंगरदिवे यांनी घेतली दखल

## जल्द ही सड़क के निर्माण कराया जाने का दिया आश्वासन



**डॉ संजय चव्हाण । सिटी चीफ** सायखेड ते धामणदरी पंतप्रधान सडक योजना रोडवर ते पडलेले खड्डे गावकऱ्यांना ये जा करण्याकरिता त्रास होत होता गावकऱ्यांनी माहिती मिळताच भावी आमदार सम्राट भाऊ डोंगरदिवे यांना धामण दरी गावकऱ्या सोबत संवाद साधला त्यावेळी त्यांनी लवकरच या रस्त्यावर मुरूम टाकण्याची आश्वासन दिले व तसेच या रस्त्याचे काम मंजूर करण्याकरिता प्रयत्न केले जाईल तालुक्यातील शेवटच्या टोकाचे गाव असलेल्या धामणधरी ते सायखेडा या रस्त्याचे पंतप्रधान ग्राम सडक योजना अंतर्गत काही दिवसापूर्वी डांबरीकरणाचे काम झाले होते या रस्त्यावर सध्या स्थितीत खड्डेच पडल्याने नागरिकांना येणे जाण्याकरिता त्रास होत आहे माहिती दिली दखल घेऊन यांच्या पुढाकाराने मुरूम टाकने एका दिवसामध्ये काम झाले चालू धामणदरी गावाला भेट दिली असता गावकऱ्यांनी अडीअडचणी सांगितले त्यावेळी त्यांच्यासोबत रावसाहेब मुंढे राहुल पांडे स्वप्निल पाटील संजय मुळे महादेव पाटील नितीन टाले चंद्रसिंग राठोड पंकज आंधळे रोहिदास राठोड सुनील शेवळकर अक्षय राठोड शालिग्राम राठोड भीमराव राठोड दिलीप राठोड कमल सिंग राठोड मयूर वाहिले जीवन राठोड।

# भाकियू टिकैत की बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श करा

## बीडीओ देवबंद को ज्ञापन देकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की गई

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ सहारनपुर । देवबंद,** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के बाद बीडीओ देवबंद को ज्ञापन देकर समस्याओं के त्वरित निस्तारण की मांग की गई।देवबंद नगर के खंड विकास कार्यालय सभागार में हुई बैठक में यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार ने कहा कि किसान को अन्नदाता कहा जाता है। वह अपना खून पसीना एक करके हमारे लिए गेहूं, चावल आदि की पैदावार करता है। इसलिए किसानों को विशेष सम्मान देना चाहिए। तहसील अध्यक्ष चौधरी पहल सिंह ने कहा कि किसानों को बीज लेने में जो परेशानी उठानी पड़ती वह निंदनीय है। किसानों के लिए सभी प्रकार के बीज गोदाम पर ही उपलब्ध होने चाहिए। बैठक के बाद खंड विकास अधिकारी आजम अली को पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में गांव के तालाबों की सफाई कराए जाने और सफाई के दौरान बरती जाने वाली अनियमितताओं की जांच कर तुरंत कार्रवाई कराने और मनरेगा योजना के अंतर्गत सुचारू रुप से कार्य कराए जाने की मांग की गई। साथ ही जल विभाग द्वारा जलापूर्ति के लिए लगाई गई पानी की टंकियों के सही कार्य न करने पर रोष व्यक्त किया गया। इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष दीपक त्यागी व अन्य लोग मौजूद रहे।



किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू वर्मा का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल से मिला

# जिले की चीनी मिलों से किसानों को गन्ना भुगतान व ब्याज तत्काल मिले : भगत सिंह वर्मा

**सिटी चीफ । गौरव सिंघल** सहारनपुर, जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल से मिला। इस दौरान भगत सिंह वर्मा ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को बताया कि अभी भी पिछले वर्ष का जिले की चीनी मिलों पर 157 करोड रुपए गन्ना भुगतान व 600 करोड रुपए ब्याज बकाया है। जिसे तत्काल गन्ना किसानों को दिलाया जाए। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहारनपुर जिले की देवबंद शुगर मिल पर पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज 73 करोड रुपए बकाया है।



देवबंद चीनी मिल त्रिवेणी ग्रुप ने 20 वर्ष पहले चीनी मिल लगाने हेतु ग्राम गांगनौली में 300 बीघा जमीन खरीदी थी जिस पर न कोई फैक्ट्री लगाई है और नहीं त्रिवेणी ग्रुप उस पर खेती कर रहा है। कंपनी एक्ट के अनुसार यदि उस पर खेती नहीं की जा रही है और नहीं उद्योग लगाए जा रहा है तो उसे किसानों को खेती करने के लिए वापस दिया जाए, उत्तर प्रदेश भूमि एक्ट के अनुसार भी खेती की जमीन को खाली नहीं छोड़ा जा सकता है। इस पर करोड़ों रुपए देवबंद त्रिवेणी शुगर मिल पर जुर्माना लगाया जाए और इस जमीन को गांगुली के किसानों को वापस दिलाया जाए, जिले में किसानों की फसलों को आवारा पशु व छुटा पशु नष्ट कर रहे हैं जिला प्रशासन उन्हें पकड़वाकर गौशाला भिजवाने का काम करे। जिले की चीनी मिलों पर गन्ना भुगतान में ब्याज बकाया है इसलिए गन्ना किसानों से किराया काटने का चीनी मिलों को अधिकार नहीं है काटा गया किराया किसानों को वापस कराया जाए, दिल्ली-देहरादून हाईवे पर बसेड़ा में खेड़ा मुगल में आवागमन के लिए रास्ता दिया जाए। जिले में सारे नियमों को ताक पर रखकर चारों तरफ टोल टैक्स लगाकर अवैध रूप से भारी टोल टैक्स वसूला जा रहा है जो गलत व नियम विरुद्ध है। देवबंद-रोहाना व कोलकी टोल टैक्स पर देश में सबसे अधिक ?170 टोल टैक्स वसूला जा रहा है। जिसे तत्काल बंद कर जाए और पत्रकारों को निःशुल्क टोल प्लाजा से जाने दिया जाए। जिले में देवबंद चकबंदी विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और किसानों के साथ न्याय किया जाए। तल्हेडी बस स्टैंड पर दर्जन हाईवे पर गलत कट होने के कारण दर्जनों लोगों की दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है इसलिए पुलिस चौकी के सामने कट बनाया जाए यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं को हल नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा जिले में बड़ा आंदोलन करेगा। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर अशोक मलिक,प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश महामंत्री असीम मलिक, महानगर अध्यक्ष मोहम्मद जहीर तुर्की, अरविंद चौधरी, कंवरपाल सिंह, अनुज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मंडलायुक्त ने तहसील में अचानक की छापेमारी, मची खलबली

## अचानक छापेमारी कर लेखपालों के पास कुछ प्राइवेट हेल्परों को कार्य करते हुए रंगे हाथ पकडकर पुलिस के हवाले किया



**सिटी चीफ । गौरव सिंघल बेहट । सहारनपुर,** मंडलायुक्त सहारनपुर डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने आज तहसील बेहट में अचानक छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने लेखपालों के पास कार्य कर रहे कुछ प्राइवेट हेल्परों को रंगे हाथ पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया। जिससे तहसील में खलबली मच गई। बताया जा रहा है कि तहसील में अन्य विभागों में काम करने वाले प्राइवेट युवक भी छापेमारी के दौरान मौके से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह मंडलायुक्त सहारनपुर डा. हृषिकेश भास्कर यशोद अचानक बेहट तहसील मुख्यालय पहुंचे। वह अपनी गाड़ी से उतरकर सीधे सभाकक्ष में पहुंचे जहां पर लेखपालों द्वारा खतौनियों को दुरुस्त करने का कार्य चल रहा था। यहां उन्होंने अलग-अलग लेखपालों के पास काम करने वाले करीब दस प्राइवेट (गैर सरकारी) युवकों को मौके से पकड़ा। मंडलायुक्त ने पकड़े गए युवकों को बेहट इंस्पेक्टर को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। छापेमारी के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। सूत्रों की माने तो अन्य कार्यालयों काम कर रहे प्राइवेट व्यक्तियों को जैसे ही मंडलायुक्त की कार्यवाही का पता लगा तो वह सभी आनन-फानन में तहसील छोड़कर मौके से भाग निकले। मंडलायुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने पत्रकारों को बताया कि वह स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण करने जा रहे थे लेकिन उससे पहले वह अचानक ही तहसील बेहट पहुंचे और पाया कि काफी संख्या में युवक लेखपालों के पास काम कर रहे है। जिनमें से दस को मौके से पकड़कर पुलिस को सौंपा गया है। अग्रिम कार्यवाही के लिए एसडीएम बेहट को निर्देशित किया गया है। कस्बे के शाकंभरी रोड पर पुलिस द्वारा पकड़े गए अवैध खनन से भरे वाहनों के कारण अतिक्रमण हटाने के बारे में उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया है। इस मौके पर एसडीएम दीपक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह, तहसीलदार प्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर सत्येंद्र प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# केशरवानी वैश्य सभा तीनों घटकों के नवनियुक्त पदाधिकारियों, सदस्यों का शपथ ग्रहण संपन्न

## केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने की मांग

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ**
रीवा, केसरवानी वैश्य जिला सभा रीवा द्वारा, दुल्हन मैरिज गार्डन, अर्जुन नगर रीवा, परिसर में, रीवा जिले के केसरवानी समाज की प्रतिभाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं जिला सभा रीवा के तीनों घटकों के नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का, शपथ ग्रहण समारोह, मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के अति विशिष्ट आतिथ्य में, अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव गुप्ता व केसरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में, विजय कुमार गुप्ता राष्ट्रीय मंत्री,जे पी गुप्ता, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में, जिला सभा रीवा के अध्यक्ष, सुनील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में, प्रदेश सभा के उपाध्यक्ष सियाराम गुप्ता ,प्रदेश सभा के संयोजक मथुरा प्रसाद गुप्ता के संयोजन में, सुव्यवस्थित, भव्य, प्रशंसनीय, अविस्मरणीय एवं सामाजिक बन्धुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति में, निशुल्क आयोजित किया गया। समारोह में मातृ-शक्तियों की सकारात्मक उपस्थिति एवं समाज के सभी वर्गों की जिले से उपस्थिति, विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन,मंच व्यवस्था, अतिथियों के ठहरने व सभी के लिए खान-पान की सुरुचिपूर्ण व्यवस्था की, सभी आगंतुकों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा



की गई।अतिथियों, प्रतिभाओं, वरिष्ठ नागरिकों का मान-सम्मान व तीनों घटकों का शपथग्रहण कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से, करतल ध्वनि के मध्य सम्पन्न हुआ। मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का प्रदेश के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता द्वारा भावपूर्ण स्वागत सम्मान करते हुए उन्हें संबोधित करते हुए, केसरवानी समाज को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित करने की, समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को, सप्रमाण, संवैधानिक रूप से उचित ठहराते हुए, समाज की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक स्थिति पर, मानवीय दृष्टिकोण से, शासन-प्रशासन के आदेशों के परिप्रेक्ष्य में, विस्तृत विवरण मंच से अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताते हुए, शासन-प्रशासन से विचार कर, लागू किए जाने का अनुरोध किए। जिसपर उपमुख्यमंत्री द्वारा पहल करने का, मंच से, अपने उद्बोधन में आश्वासन समाज को दिया गया व केसरवानी समाज की वर्तमान राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक परिप्रेक्ष्य में सकारात्मक भुमिका की प्रशंसा किए। समारोह में सामाजिक समरसता, एकता व एकजुटता का परिचय देते हुए केसरवानी वैश्य नगर सभा रीवा, केसरवानी वैश्य महिला नगर सभा रीवा, केसरवानी वैश्य नगर सभा मऊगंज एवं केसरवानी वैश्य नगर सभा जवा के अध्यक्षों द्वारा, मंच से केसरवानी वैश्य सभा मध्यप्रदेश का, संबंद्धता, ससम्मान ग्रहण किया गया । जिसका सभी सभासदों द्वारा, करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। समारोह में केसरवानी वैश्य जिला सभा शहडोल के अध्यक्ष बृजेश प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सभा के उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता उर्फ सच्चा, प्रदेश सभा संयोजक रुपेश उर्फ राजू गुप्ता, प्रदेश तरुण सभा अध्यक्ष डॉ विशेष चंद्र गुप्ता, प्रदेश सभा प्रवक्ता यत्नेश केसरवानी, प्रदेश संगठन मंत्री दिनेश गुप्ता, नगर सभा सरईग्राम अध्यक्ष रामनरेश गुप्ता, महामंत्री रोशन लाल गुप्ता,जिला सभा रीवा महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता,जिला महिला सभा रीवा अध्यक्ष ज्योति प्रधान, महामंत्री प्रवीण गुप्ता, जिला तरुण सभा अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, महामंत्री अक्षय केसरी, रामस्वरूप गुप्ता, मनीष गुप्ता एवं अन्य गणमान्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। भोजन व्यवस्था में विशेष सहयोग के के गुप्ता, महेश प्रसाद गुप्ता का एवं जिला सभा के पदाधिकारियों का रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रीवा में हुआ वृक्षारोपण डिप्टी सीएम ने कह दी बड़ी बात

## डिप्टी सीएम बोले हम सब मिलकर अपनी मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाए रीवा के लोग हुए संस्कारी जिला बना संस्कार धानी !

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ**
रीवा, मध्य प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रीवा जिले के पुलिस लाइन में मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला और रीवा जोन के आईजी सहित रीवा एसपी ने वृक्षारोपण के कार्यक्रम में भाग लिये मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने संबोधित करते हुए बताएं कि जिस तरह मां अपने बच्चों की परिवरिश करती है!

उसी तरह से हमारा दायित्व है कि हम भी अपने अपने घरो और आस पास पेड़ लगाने चाहिए और उन्हें संरक्षण देंना चाहिए ।जिससे पौधा जल्द से जल्द तैयार हो सके जिस तरह अपनी मां बच्चों को पाल पोस कर उनकी परिवरिश करके उन्हें बड़ा करती है उसी तरह हमें भी पेड़ पौधों को लगाकर उन्हें पाल-पॉस्कर उनकी परिवरिश करके उन्हें बड़ा करना चाहिए ।

अगर हम पेड़ पौधे को सही तरीके से नहीं लगाएंगे छोड़ देंगे तो वह टेढ़ा होता जाएगा और वह देखने में भी अच्छा नहीं लगेगा इसलिए हमें ऐसे पौधे लगाना चाहिए ऐसी परिवरिश करना चाहिए कि हमारा पेड़ सीधा जाए जिससे देखने में सुंदर लगे।

आपको बता दे रीवा पुलिस लाइन ग्राउंड में पुलिस परिवार के सदस्यों छात्रों को संबोधित करते हुए आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार एसपी विवेक सिंह व मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का कार्यक्रम




आयोजित हुआ।

पुलिस लाइन में परेड ग्राउंड आवासी परिसर के आसपास 1000 से अधिक पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया है इसके अलावा अंकुर बाय ड्यूड एप के माध्यम से किए गए वृक्षारोपण की फोटो भी अपलोड कर मध्य प्रदेश सरकार के अभियान में सहभागिता की गई है।

**रीवा के लोग हुए संस्कारी, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल-** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला पौधा रोपण कार्यक्रम के दौरान बताया कि रीवा के लोग अब संस्कारी हो चुके हैं पहले था कि रीवा के लोग जहां कहीं भी सड़क पर चलते कचरा छिलका दिस्पोजल प्लेट फेंक देते थे मगर अब ऐसा रीवा के लोग नहीं कर रहे हैं अगर कुछ खाते हैं तो सड़कों पर गंदगी नहीं करते हैं उसको अपने गाड़ी में ही रखे रहते हैं और डस्टबिन खोजते हैं जहां डस्टबिन मिलती हैं उसी में उस कचड़े को डाल देते है ।

और कहि डस्तविन नही दिखी उस कचड़े को अपने जेब मे रख लेते है और डस्टबिन मिलने पर ही उसमें कचरा डालते हैं इसलिए रीवा के लोग अब संस्कारी हो चुके हैं। रीवा को साफ और स्वच्छ बनाने में सबसे बड़ा रीवा की जनता का योगदान है अगर हम साफ है सुरक्षित है तभी हम शहर को साफ सुथरा रख सकते हैं।

**रीवा बनी संस्कार धानी डिप्टी सीएम-** मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताएं कि मध्य प्रदेश का रीवा जिला संस्कार धानी हो चुका है यहां संस्कार वालों की कोई कमी नहीं है पहले के लोगों में देखा जाता था कि संस्कार व प्रतिभा नहीं दिखती थी मगर अब लोगों में संस्कार कूट-कूट कर भरा हुआ है । जिस तरह हम अपने बच्चों की परवरिश करते हैं इस तरह हम सभी को एग्जुट होकर पेड़ लगाना चाहिए और उस पौधे की परवरिश करनी चाहिए क्योंकि हर एक बच्चे को माता-पिता के सहारे की आवश्यकता होती है इसलिए पौधे को लगाने वाले ही उसके माता-पिता और उसके पालक है।

### भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा

# अनेकों विभागों के अधिकारी कर्मचारी समय पर उपस्थित न होकर जनता की समस्याओं का निदान नहीं कर पाते

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ** सतना, भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह जी आज तहसील प्रांगण में उपस्थित होकर किसानों के अनेकों प्रकार की समस्याओं से पत्रकारों को अवगत कराए उन्होंने कहा कि किसान वैसे भी अनेकों प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है शासन के जो नियम आदेश हैं उनका पालन शासन के कुछ विभाग के कर्मचारी नियमों को अनदेखी करते हुए मजाक कर बैठे हैं आज बिजली की व्यवस्था इतनी लाचार हो चुकी है की किसानों के साथ आंख मिच्छौनी का खेल खेल रही है अल मस्त बिजली विभाग के कर्मचारी कुंभकरण नीद में सोए हुई है वही 25 वर्ष पहले की तीन फेस पुराने नंगी तारे जो कि ऐसे लग रही है अंग्रेजों की जमाने की है मेंटेनेंस के नाम से प्रतिदिन बिजली गोल रहती है किसानों के धान रोपाई में वर्धित हो रही है उन्होंने कहा कि अगर ऐसी लचर व्यवस्था अगर किसानों के प्रति रही तो हम लोग मजबूर होकर विशाल आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगे, एसडीएम साहब को चाहिए कि अनेकों विभागों में समय पर कर्मचारियों का नाआना उनके ऊपर निगरानी कर कठोर कार्रवाई करना चाहिए, आईए देखते हैं कि आखिरकार किसान यूनियन के जिला प्रवक्ता का क्या कहना है.

### सांसद राहुल सिंह ने कहा

# जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे उतना अच्छा हमारा प्रकृति का सिस्टम बनेगा

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा प्रधानमंत्री  ने एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत मैं समस्त जिले वासियों से और खासकर लोकसभा के सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूं की निरंतर प्रदूषण बढ़ने के कारण निरंतर अलग-अलग प्रकार की बीमारियां हो रही है, जैसे की हम



देख रहे हैं की बारिश नहीं हो रही है उसका कारण यह है कि हमारा पूरा प्राकृतिक सिस्टम डिस्टर्ब हो गया है, इसलिए एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से आग्रह है। आज कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जी के नेतृत्व में 10 हजार पेड़ लगाने का कार्य जरारूधाम में प्रारंभ हुआ है, इस अभियान को बढ़ाएं और पेड़ लगाए, जितने ज्यादा पेड़ लगेंगे, उतना अच्छा हमारा प्रकृति का सिस्टम बनेगा। उन्होंने कहा एक बार सभी से पुन: आग्रह है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ते हुए हमारी प्रकृति को बचाएं।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत आज सतना में कई जगह हुए वृक्षारोपण

## कुल 1100 फलदार, फूलदार , छायादार व औषधीय पौधे रोपे गए

**उमेश कुशवाहा सिटी चीफ** सतना, जलवायु परिवर्तन की रोकथाम हेतु भारत के योगदान को दृष्टिगत रखते हुए एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर किया गया है। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर म.प्र. में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण एवम पेड़- पौधो की देखभाल का संकल्प लिया गया है। इसी तारतम्य में आज जिला सतना में पुलिस परिवारजनों द्वारा पुलिस लाइन एवं सभी थाना-चौकी क्षेत्रों में फलदार ,छायादार वृक्षों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय कलेक्टर सतना श्री अनुराग वर्मा जी के स्वागत से प्रारंभ हुआ,मुख्य अतिथि श्री अनुराग वर्मा जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। इस बार की भीषण गर्मी में उत्तरांचल के जंगलों में भी आग लगी और प्रकृति को नुकसान हुआ । वृक्ष हमें प्राण वायु,भोजन ,छाया ,औषधि उपलब्ध कराते हैं। वृक्ष हमारी प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं अत: हमारा भी यह कर्तव्य है कि हम वृक्षों की रक्षा करें और अपनी अगली पीढ़ी को सुरक्षित करें। पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष गुप्ता जी ने बताया कि सतना पुलिस 24 प्रजातियों के लगभग 1100 पौधों का रोपण कर चुकी है। वृक्ष हमारे पर्यावरण की सुरक्षा एवं जलवायु के संतुलन को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हमें पौधों को लगाना भी है एवं परिवार के सदस्यों की तरह उनका पालन पोषण भी करना है।कलेक्टर महोदय सपत्नीक उपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि सतना पुलिस जैव विविधता,पर्यावरण संरक्षण एवं जल



संवर्धन हेतु कृत संकल्पित है। इस हेतु सतना पुलिस ने वर्षाकाल में वर्षा जल को संरक्षित करने के उद्देश्य से 100×50×10 गहरा (14 लाख लीटर जल) पोखर बनाकर तैयार किया है। जिसमें कॉलोनी का अनुपयोगी जल इकट्ठा होगा। साथ ही साथ वर्षा जल को भूमिगत करने में सहायता प्राप्त हो सकेगी। यहां एकत्रित जल पुलिस लाइन में रोपे गए पौधों की प्यास बुझाएगा।

**नवीन अपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई --**

कार्यक्रम में आज से लागू हुए नए अपराधिक कानूनों के उद्देश्य एवम विशेषताओं से आम जनता को अवगत कराया गया। नवीन कानूनों में दंड आधारित न्याय से सुधार आधारित न्याय व्यवस्था की ओर जाने पर ज़ोर दिया गया है । नए क़ानूनों का उद्देश्य जनता की सुविधा, नागरिक सुरक्षा एवं पीड़ित आधारित न्याय है,इनके तहत कोई भी व्यक्ति कहीं से भी अपनी एफआईआर दर्ज करा सकता है । मध्यप्रदेश में सिटीजन पोर्टल पर घर बैठे,ई-एफआईआर की जा सकती है । पीड़ित नाबालिग बालक-बालिकाओं, महिलाओं के कथन उनके चुने हुए स्थान पर लिए जाएँगे । साक्षी संरक्षण योजना आरंभ की गई है । पूरी प्रक्रिया की फोटो वीडियोग्राफ़ी कराई जायेगी । इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को महत्व दिया जा रहा है । यह नागरिक केंद्रित कानून है ।

नवीन कानून देश को नई दिशा देंगे जो आधुनिक भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे,उपस्थित अतिथिगणों ने एक पेड़ मां के नाम लगाने एवं उसकी देखभाल करने की अपील पुलिस परिवार एवम आम जनों से की जिसके उपरान्त सभी ने एक 9 एक पौधा लगाया एवम बच्चों ने अपनी मां के साथ पौधरोपण करते हुए सेल्फी ली। इस अवसर पर सम्माननीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु , पुलिस परिवार के सदस्य एवं छात्र - छात्राओं सहित लगभग 650 लोग उपस्थित रहे।

**धारकुंडी थाना परिसर में हुआ वृक्षारोपण**

एक पेड़ मां के नाम के तहत जिले धारकुंडी थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ, इस दौरान



धारकुंडी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय ने क्षेत्र के गणमाण्य नागरिकों व अधिनस्थ पुलिस कर्मियों के साथ थाना परिसर में वृक्षा रोपण किया। साथ ही लगाए गये पौधों की सुरक्षा करने के भी निर्देश दिये। आयोजित वृक्षा रोपण कार्यक्रम में लगभग 40 पौधे रोपित किये गये ।

**कोटर थाना परिसर में हुआ वृक्षारोपण**

एक पेड़ मां के नाम के तहत कोटर थाना में थाना प्रभारी रविंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में मय स्टॉप एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण के तहत लगभग 80 पौधे रोपे गए

**कोठी थाना में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत हुआ व्रक्षारोपण**

जिले के कोठी थाना में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत व्रक्षारोपण किया गया। कोठी थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत एवं तहसीलदार कोठी कमलेश सिंह भदौरिया सहित कोठी के निवासियों द्वारा भी थाना परिसर में पौधे लगाए।

**थाना सिरमौर एक पेड़ मां के नाम हुआ व्रक्षारोपण**

थाना सिरमौर,में आज शासन और वरिष्ठ पुलिस प्रशासन के आदेश पर पुलिस लाइन सिरमौर में एसडीओपी उमेश कुमार प्रजापति,थाना प्रभारी संतोष तिवारी सिरमौर,एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिको, पार्षदो,सरपंचो की उपस्थिति में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा सभी को एक पेड़। मां के नाम लगाने और 3 वर्ष तक उनकी रक्षा करने का संकल्प दिलवाया गया।

**थाना कोतवाली एक पेड़ मां के नाम हुआ व्रक्षारोपण**

थाना सिटी कोतवाली सतना में दिनांक 11 जुलाई को थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी एवं थाने के स्टाफ द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा लोगों से अपील की गई की एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं और अपने पर्यावरण को हरा भरा बनाएं

**थाना जसो में पुलिस कर्मियों ने थाना परिसर में रोपे पौधे**

जसो थाना परिसर गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने एक वृक्ष मां के नामअभियान के तहत विभिन्न प्रकार के पौधा रोपण किया। वृक्षारोपण करने के बाद पुलिस कर्मियों ने ये प्रण लिया कि पेड़ो की देखभाल हम स्वयं करेंगे।वृक्षारोपण के दौरान थानाप्रभारी रोहित यादव ,उनि.के.ऐन. मिश्रा, सउनि.एस.एल.रावत, सउनि प्रहलाद कुशवाहा, प्रआ.अखिलेश्वर सिंह,संत प्रजापति, आर.रावेन्द्र रैकवार, राहुल द्विवेदी,संजय यादव, पुष्पेंद्र नट रहे मौजूद।

**थाना रामनगर एक पेड़ मां के नाम हुआ व्रक्षारोपण**

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत रामनगर थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण रामनगर थाना प्रभारी टीकाराम कुर्मी नगर परिषद अध्यक्ष दीपा दीपू मिश्रा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोज सिंह गुड्डू मर्यादपुर चौकी प्रभारी संतोष उलाडी सहित सामाजिक कार्यकर्ताओ ने मिलकर किया वृक्षारोपण सभी ने एक एक पेड़ लगाए इस दौरान कई प्रकार के वृक्ष रोपे गए

**थाना चित्रकूट एक पेड़ मां के नाम हुआ व्रक्षारोपण**

एक वृक्ष माँ के नाम पर अनुभागीय अधिकारी चित्रकूट रोहित राठौर की उपस्थिति मे एसडीओपी कार्यालय चित्रकूट एवं थाना परिसर चित्रकूट में बृक्षारोपण किया गया जिसमें थाना प्रभारी चित्रकूट पंकज शुक्ला एवं समस्त थाना स्टाप के साथ गुरुवार को बृक्षारोपण कराया गया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत लालबर्रा थाना परिसर में किया गया पौधा रोपण

## पौधा रोपण के दौरान थाना क्षेत्र के समस्त कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे

**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ**
बालाघाट, पर्यावरण संरक्षण को लेकर मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विभागों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी के तहत लालबर्रा थाना में भी 11 जुलाई को फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए हैं। प्रेस को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्री हेमन्त नायक ने बताया कि पुरे जिलें में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपित किए जा रहे हैं इसी तारतम्य में आज थाना परिसर व आवासीय परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए हैं जिनमें




आम, आंवला,पीपल, बरगद, सिंदूरी, जामून, अमरुद सहित अन्य और भी पौधे शामिल रहे हैं तथा 50 पौधे आवासीय परिसर में रोपित किए गए हैं वहीं 10 पौधे थाना परिसर के आसपास में पौधारोपण किया गया है जिसमें थाना क्षेत्र के समस्त कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे हैं इनकी मौजूदगी में पौधारोपण किया गया है। सभी कर्मचारियों ने एक पौधा रोपण किये है।

# कटनी में तेज़ बारिश के चलते भर गया सड़को पर पानी

## पानी के बीच खराब हो गई स्कूल बस, बच्चों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला



**सुनील यादव । सिटी चीफ**
कटनी, कटनी शहर मे हुयी तेज बारिश के चलते जगह जगह जल भराव हो गया जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस समय स्कूल का छूटने का भी समय रहा ऐसा ही दृश्य मिशन चौक मे देखने को मिला जब स्कूल बस सागर रेलवे पुलिया के निचे से निकल रही थी अधिक जल भराव के कारण बस बीच मे ही बंद हो गई। और पूरी बस में पानी भर गया और बस में बैठे बच्चे परेशान हो गया और रोने लगे तभी मौके पर पहुंचे ट्रैफिक थाना प्रभारी अपने स्टाप के साथ पुलिया के नीचे फसी बस तक पहुंचे और बस में बैठे बच्चो को समझाया की उन्हे सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया जाएगा। कटनी जिले के ट्रैफिक पुलिस थाने के प्रभारी अपने स्टाप और कटनी शहर के पुलिस थाने की थाना प्रभारी के साथ मौके पर मौजूद थे और ट्रैफिक थाने के पुलिस कर्मी सागर रेलवे पुलिया में पानी से फसी बस के पास सीने भर पानी में घुस बच्चो को अपने कंधो में लाद सुरक्षित बाहर निकला बस में करीबन 21 से 22 बच्चे बैठे थे वही बस में बैठी एक शिक्षक महिला को बाहर निकाला बच्चे जैसे ही बाहर निकले सभी बच्चे टीचर को देख उनके गले से लग रोने लगे यह मंजर ही अलग था। और यह देख अधिकांश लोगो की आंखे भर आई। ट्रैफिक थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बताया इस रेस्क्यू में करीबन 1 घंटा लगा और सभी बच्चो को सुरक्षित बाहर निकाल पानी में फसी बस को क्रेन की सहायता से बाहर निकलवाया वही शहर में जल भराव के चलाते शहर के मंगल नगर गायत्री नगर मिशन चौक पुल मे चार फिट तक पानी भर गया जिससे लोगो को निकलना मुश्किल हो गया । और लंबा ट्रैफिक लग गया जिसे शहर के थाना प्रभारियों की मदद से किलियर कराया गया और सुचारू रूप से ट्रैफिक बेपटरी से पटरी पर वापस आ गया।

# आईएमए ने आशीष गुप्ता जी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

## आईएमए अध्यक्ष समेत अन्य डॉक्टर्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**उमेश कुशवाहा। सिटी चीफ**
सतना, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना के वरिष्ठ सदस्य डॉ समीश गुप्ता के अनुज एवम डॉ बी डी गुप्ता के पुत्र श्री आशीष गुप्ता जी के निधन पर आईएमए के सभी सदस्यों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि श्री आशीष जी असामयिक निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि ईश्वर शोक संतृप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान । आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल,सचिव डॉ आलोक खन्ना, डॉ जी पी सिंह, डॉएस पी शर्मा, डॉ आर के पांडे, डॉ। डी के तिवारी, डॉ आर के नेमा, डॉ जे पी अग्रवाल, डॉ राकेश जैन, डॉ पी के श्रीवास्तव, डॉ वी के गौतम, डॉ वी के गांधी,



डॉ ललित गुप्ता, डॉ सुनील कारखुर, डॉ अरुण नायक, डॉ प्रवीण चौधरी, डॉ संतोष जैन, डॉ पी सी नोटवानी, डॉ महेंद्र सिंह, डॉ एच के बावा, डॉ सुधा खरे, डॉ मनोज शुक्ला, डॉ। पी डी अग्रवाल, डॉ बी एल पटेल, डॉ आलोक जैन, डॉ एस के माहेश्वरी, डॉ सुधा जैन, डॉ ए के अग्रवाल, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ आशीष जैन, डॉ नवीन कालरा, डॉ पी के पाठक, डॉ आनंद गुप्ता, डॉ सुदीप अग्रवाल, डॉ अभिजीत यादव , डॉआनंद गुप्ता, डॉ संकल्प जैन, डॉ समिष गुप्ता, डॉ आशुतोष नेमा, डॉ प्रीति नेमा डॉ शंकुल द्विवेदी, डॉ अशोक अवधिया, डॉ संजय गुप्ता, डॉ आर के तिवारी, डॉ विपिन दुबे, डॉ विजय मार्सकोले, डॉ सुधांशु गर्ग, डॉ मनोज जगवानी, डॉ चारूलता सोई, डॉ देवेश अग्रवाल, डॉ आर सी अग्रवाल, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ सुभम जैन, डॉ रेखा त्रिपाठी, डॉ डी डी मिश्रा, डॉ निशांत कुंभारे सहित सभी डॉक्टर्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सिविल न्यायालय मैहर के अधिवक्ता हिमांशु द्विवेदी पर हुआ प्राण घातक हमला

## पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू करी जांच

**उमेश कुशवाह । सिटी चीफ**
मैहर, मैहर जिले के अमदरा थाना अंतर्गत ग्राम परसवारा में वकील हिमांशु द्विवेदी पर दुर्गाशंकर द्विवेदी ने लाठी डंडे से मार कर लहूलुहान कर दिया। बता दें कि फरियादी हिमांशु द्विवेदी मैहर सिविल न्यायालय में वकालत का कार्य करता है। बुधवार को तकरीबन दोपहर एक बजे वह अपने खेत आया हुआ था। वहीं उसके बड़े पिता मौजूद थे। जहां इन दोनों में जमीन को लेकर कुछ कहा सुनी हो गई। मगर बात यहां न बनी उसके बड़े पिता ने गाली



गलौज करते हुए, मार पीट करना शुरु कर दिया, इतना ही नहीं उसने लाठी डंडो से हिमांशु पर हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया।

हिमांशु की चीख पुकार सुन आस पास खेत में काम कर रहे लवकुश पटेल एवं कल्लू चौधरी ने आकार उसे बचाया। इसी बीच अपराधी दुर्गा शंकर द्विवेदी ने हिमांशु द्विवेदी को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग खड़ा हुआ। फरियादी हिमांशु द्विवेदी की रिपोर्ट पर अमदरा थाना पुलिस ने आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच कर अपराधी की तलाश में जुटी हुई हैं।

# भिंड में एसडीएम विजय यादव ने किया स्कूलों एवं छात्रावास का निरीक्षण

## तिगरा खुर्द स्कूल की हालत ऐसी की पहचानना मुश्किल है कि यह स्कूल है या अस्तबल

**आदित्य द्विवेदी । सिटी चीफ**
भिंड, गुरवार 11 ः00 पर अनुविभागीय दंडाधिकारी विजय सिंह यादव एवं नायब तहसीलदार जगन कुशवाह स्कूल हॉस्टलों के निरीक्षण पर निकले जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने शासकीय माध्यमिक स्कूल भटपुरा पहुंचे जहां 11ः00 बजे पर स्कूल में ताला लटका हुआ था सभी शिक्षक नदारत मिले स्कूल में पदस्थ कुल पांचो शिक्षकों जिनमें महेंद्र सिंह, संध्या समाधिया, अरुणा कुमारी चौहान, अनुपम मिश्रा ऋचा शुक्ला यह सभी शिक्षक अनुपस्थित पाए गए यहाँ बताना मुनासिब होगा यहाँ के विधालय की व्यवस्था महिला शिक्षक के ही भरोसे ही रहती है और पदस्थ दंबग शिक्षक की दंबगई के चलते महिला शिक्षक पीड़ित रहती है और दंबग पुरुष शिक्षक दंबगई चलते यहाँ दो बजे तशरीफ लाते हैं. एसडीएम ने उक्त सभी पांचो शिक्षकों की असंचाई प्रभाव से दो-दो वेतन वृद्धियां रोकने के निर्देश दिए..एसडीएम विजय यादव तिगरा खुर्द स्कूल यहाँ के ग्रामीणों ने लहार एसडीएम विजय यादव को बताया कि तिगरा खुर्द स्कूल में महीनों से नहीं आए शिक्षक इस पर लहार एसडीएम विजय यादव द्वारा विधालय का मौका निरीक्षण किया गया जिसमें एसडीएम विजय यादव ने जो नजारा देखा तो वह देखने लायक था क्योंकि यहां नजार ही कुछ और था स्कूल बिल्डिंग बुरी तरीके से झाड़ियां घास फूस एवं आगे गंदगी पानी से भरी हुई थी जिससे प्रथम दृष्टया देखने पर ही यह स्पष्ट होता है कि यहां पदस्थ दो शिक्षक उत्तम सिंह कुशवाहा एवं मनोज चौधरी महीनों में शायद कभी यहां आए हों दोनों ही शिक्षक गंभीर लापरवाह प्रवृत्ति के हैं एवं उनकी पढ़ाने में कोई रुचि नहीं है। जो




की बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है एसडीएम ने दोनों लापरवाह शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए पत्र कलेक्टर को लिखा है। लहार एसडीएम विजय यादव का संबंधित शिक्षा विभाग से यह सवाल पूछना लाजमी है कि क्या देख रहे हैं संकुल प्राचार्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक स्त्रोत समन्वयक एवं CAC माना यदि तिगरा खुर्द विद्यालय में कोई भी बच्चा दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति में संकुल प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी की CAC की जिम्मेदारी नहीं बनती थी कि वह ऐसे शिक्षकों को अन्य विद्यालय में पदस्थ करें जहां शिक्षकों की कमी है और ऐसे में लापरवाह शिक्षकों द्वारा फ्री मे क्यो दिलवाया जार हा हैं वेतन लहार एसडीएम विजय यादव से इस मुद्दे पर जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि समस्त लापरवाह अधिकारियों का जवाब प्राप्त होने के बाद इनको सबक सिखाने के लिए कार्रवाई हेतु कलेक्टर को लिखा जायेगा इसीलिए एसडीएम विजय यादव ने सभी लापरवाह अधिकारियों को 48 घंटे में जवाब प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है दो विधालय के निरीक्षण के उपरांत लहार एसडीएम विजय यादव पंहुचे अनुसूचित जाति छात्रावास आलमपुर दोनों विधालय के निरीक्षण के उपरांत लहार एसडीएम विजय यादव आलमपुर अनुसूचित जाति छात्रावास पहुंचे जहां उन्हें 50 सीटर छात्रावास में 10 बच्चे ही दर्ज मिले जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्रावास अधीक्षक को निर्देश दिए की स्कूलों में संपर्क कर यथा संभव सीटें भरे ताकि बच्चों को शिक्षण और आवास का लाभ दिया जा सके।

**छात्रावास को प्राप्त हुई सामग्री का स्टॉक पंजी से किया मिलान**

लहार एसडीएम विजय यादव ने छात्रावास में साम्रगी की भी स्टॉक निरीक्षण किया क्योंकि अनुसूचित जाति छात्रावासों को छात्र उपयोगी सामग्री जिनमें गद्दे, चादर, तकिया कंबल, पंखे, जग, कढ़ाई, लोटे इत्यादि सभी चीजे स्टॉक में रहतीं है इसीलिए उन्होंने वहाँ रखे स्टॉक को स्टॉक पंजी से मिलान किया एवं निर्देश दिया कुछ अव्यवस्था मिलने पर उन्होंने हॉस्टल अधीक्षका को निर्देश दिए कि बच्चों को आवश्यकता अनुसार बेहतर सामाग्री प्रदाय की जावे एवं समस्त सामग्री हमेशा हॉस्टल के निर्धारित स्थल पर उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके बाद एसडीएम विजय यादव ने छात्रावास में मीनू अनुसार बच्चों को दिए जाने वाले भोजन को चेक किया और बच्चों से पूछा कि भोजन में आज क्या क्या मिला है तो बच्चों ने बताया कि आज दाल- रोटी हमको खाने में मिली है तथा बच्चों ने बताया कि भोजन के साथ साथ नाश्ता भी मिलता है. एसडीएम विजय यादव के साथ मौके पर नायाब तहसीलदार जगन कुशवाहा ने जब रसोई में जाकर देखा और वहाँ रखे भोजन को टेस्ट किया तो उन्होंने पाया कि रोटियां कच्ची है इस पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया की रोटियां की गुणवत्ता और बेहतर करें अन्यथा दुबारा निरीक्षण के उपरांत यदि मुझे जली व कच्ची रोटियां प्राप्त हुई तो तुम पर कार्यवाही होगी इसके बाद लहार एसडीएम विजय यादव और नायब तहसील दार जगन कुश्वाह ने बच्चों से खेल कूद और मनोरंजन के साथ शिक्षा अध्ययन करने की सलाह दी और कहा और उन्होंने अपने अपने नम्बर देते हुए बच्चों साथ कहा कि यदि आप सभी लोगों को यदि कोई समस्या हो तो मुझे व्यक्तिगत फोन पर अवगत कराये मै तत्काल उसका निराकरण कर दूंगा इस पर सभी बच्चों ने लहार एसडीएम विजय यादव का धन्यवाद दिया।

# पहली बरसात भी नही झेल पाया तालाब चढ़ गया लापरवाही की भेंट

## तालाब ऐसा फूटा की कइयों किसानों की फसलों को कर दिया बर्बाद

**उमेश कुशवाहा । सिटी चीफ**
**सिवनी,** जनपद पंचायत कुरई के अंतर्गत ग्राम पंचायत सागर में मनरेगा मद से स्वीकृत खेत तालाब को बनाने में पंचायत कर्मियों एवं इंजीनियर द्वारा घोर लापरवाही बरती गई जिसका नतीजा यह रहा की पहली बरसात में ही बना यह तालाब पानी के दबाव को सहन नही कर पाया और भरभराकर कर फूट गया... तालाब फूटा भी ऐसे की तालाब के निचले क्षेत्र में किसानों द्वारा महंगी लागत लगाकर बोई गई फसलों को तबाह कर गया। एक तरफ तो गलत जगह तालाब बनने के कारण जल भराव से दूसरे किसानों की लगभग 2 एकड़ की फसल डूब गई वही तालाब फूटने के कारण कई और किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा तालाब बनाया किसी और पंचायत ने नुक़सान उठाया किसी और पंचायत के किसानों ने हमारे विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सागर निवासी काशीराम नामक किसान की निजी भूमि में खेत तालाब बनने के लिए मनरेगा मद से स्वीकृत हुआ किंतु ग्राम पंचायत कर्मियों एवं इंजीनियर द्वारा घोर लापरवाही बरतते हुए बिना सर्वे करें उक्त तालाब को शासकीय भूमि में बना दिया गया है, जबकि प्रावधान अनुरूप तालाब को किसान की निजी भूमि पर बनाया



जाना था लेकिन जिस स्थान पर खेत तालाब बनाया गया है वह रिकॉर्ड में बरसाती नाला हे। वहीं बरसाती नाला होने के कारण अचानक आए पानी के दबाव को मिट्टी से बना तालाब नहीं झेल पाया और फूट गया। वही तालाब के निचले क्षेत्र में ग्राम पंचायत बुड्ढी निवासी राधेश्याम रघुवंशी , राजेंद्र रघुवशी, वीरेंद्र रघुवंशी सहित अन्य किसानों की फसलों को बहा ले गया । वही आगे जाकर भी नाले के पानी ने नाले के समीप खेतो में लगभग 20 22 एकड़ की फसलों को नुकसान पहुंचाया है । तालाब के फूटने की जानकारी तत्काल जनपद सीईओ,तहसीलदार और इंजीनियर को दी गई थी जहा इनके द्वारा निरीक्षण भी किया गया किंतु यहां सवाल यह उठता है कि राजस्व अमले ने फसल बहने के नुकसान का सर्वे तो कर लिया किंतु पंचायत कर्मियों द्वारा घोर लापरवाही बरतते हुए शासकीय राशि के किए गए दुरुपयोग की जांच आखिर प्रशासन करेगा या यह मामला भी यूं ही ठंडे बस्ते में चला जाएगा ....?? क्या इसी तरीके से और भी जगह गुणवत्ताहीन घटिया निर्माण कार्य किए गए हैं ?? विभाग को उनकी भी जांच करनी चाहिए ताकि आने वाले समय में ऐसे गुणवत्ताहीन कार्यों से और नुकसानी का सामना लोगों को ना करना पड़े। वही घटिया निर्माण के कारण होने वाले नुकसान में सर्वप्रथम उक्त निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# महात्मा गांधी स्कूलों में लॉटरी सिस्टम बंद

## सीटें खाली रहने से अब पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर बच्चों को मिल रहे एडमिशन



**एजाज़ अहमद उस्मानी । सिटी चीफ** दरअसल, लॉटरी सिस्टम की जरूरत तब पड़ती है जब सीटों से अधिक आवेदन आ जाए। मगर मेड़ता ब्लॉक की 8 में से अधिकांश स्कूलों में आधे से ज्यादा सीटें खाली पड़ी है। मेड़ता क्षेत्र के मेड़ता रोड में 2, रेण, डांगावास, गोटन, मोकलपुर, टालनपुर, आकेली-ए गांवों में सरकार ने 1-1 महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की शुरुआत की थी। यहां कक्षा 1 से 5वीं तक 40 और 6वीं से 8वीं तक 35-35 सीटें है। इनमें से -ए बालिका, गोटन व रेण स्कूलों में नामांकन की संख्या ठीक है क्योंकि यहां पहले से स्कूल संचालित थी। लेकिन दूसरे जगहों पर स्कूलों में केवल नाममात्र के बच्चे अध्ययनरत है। जबकि लॉटरी सिस्टम से प्रवेश देने की प्रक्रिया 18 जून को ही पूरी हो गई। लॉटरी सिस्टम की तारीख पूरी होने के बावजूद सीटें रिक्त रहने की वजह से प्रवेश प्रक्रिया चालू है। अब पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चालू है।एबीईओ श्रीराम खोजा ने बताया कि इन अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में बच्चों को प्रवेश दिलाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। हमअभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं कि वे अपने बच्चों को सरकारी की अंग्रेजी माध्यम वाली स्कूलों में प्रवेश दिलाएं।

# पाकिस्तान की आतंकी रणनीति का लक्ष्य जम्मू कश्मीर और पंजाब में अशांति फैलाना

### सिखों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**पाकिस्तान**- जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में हाल ही में हुए आतंकी हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए, राष्ट्रीय अकाली दल के सिख नेता परमजीत सिंह पम्मा ने सरकार से तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमवार दोपहर को हुए इस हमले में सेना के काफिले को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच सैनिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। इस घटना में लगभग 12 सैनिकों को ले जा रहे दो ट्रकों पर समन्वित हमला किया गया, जो लगभग 500 मीटर की दूरी पर थे। आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंके और कवच-भेदी गोलियों और एक एम4 असॉल्ट राइफल सहित अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया, जिससे रणनीति में चिंताजनक वृद्धि हुई। पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन सहित



पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थिति का आकलन करने और आगे की हिंसा को रोकने और नागरिक और सैन्य जीवन की सुरक्षा के लिए एक मजबूत प्रतिक्रिया की योजना बनाने के लिए कठुआ में तत्काल बैठक की। परमजीत सिंह पम्मा ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के माध्यम से कश्मीर और पंजाब में अस्थिरता फैलाने के लगातार प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने सरकार द्वारा निर्णायक कार्रवाई करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और संभावित प्रतिक्रिया के रूप में पिछले हवाई हमलों जैसे उपायों का संकेत दिया।

सख्त कार्रवाई की मांग सिख नेताओं और व्यापक समुदाय के बीच क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से बार-बार होने वाली हिंसा की घटनाओं पर बढ़ती चिंता को दर्शाती है। यह मांग शांति और सुरक्षा की भावना से मेल खाती है, जिसमें अधिकारियों से न केवल तत्काल खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब देने बल्कि आतंकवाद के मूल कारणों को दूर करने का भी आग्रह किया गया है। कठुआ हमले के बाद तनाव बढ़ने के साथ ही, भारत भर के सिख सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें उम्मीद है कि ऐसे उपाय किए जाएंगे जो अशांत क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। यह घटना सीमा पार आतंकवाद द्वारा उत्पन्न चुनौतियों और ऐसे खतरों से निपटने के लिए एकजुट मोर्चे की अनिवार्यता को रेखांकित करती है।

# यू.के. की कैबिनेट में सिख समुदाय से एक भी मंत्री नहीं

### लोगों ने खालिस्तानी उग्रवाद को ठहराया दोषी

**नेशनल डेस्क**- यू.के. में सिख समुदाय के 11 निर्वाचित सांसदों में से एक को भी कैबिनेट में शामिल न किए जाने को लेकर समुदाय के लोगों ने रोष व्यक्त किया है। सिख समुदाय ने इस नुकसान के लिए खालिस्तानी उग्रवाद को दोषी ठहराया ठहराया है। लोगों ने सिखों को कैबिनेट में स्थान दिए जाने की मांग की है।

**कट्टरपंथ को तरजीह नहीं देना चाहती है सरकार**

समुदाय के लोगों ने कहा है कि खालिस्तानी गुंडों, कट्टरपंथियों और चरमपंथियों ने वैश्विक स्तर पर सिख समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाया है। कोई भी सरकार हरजीत सज्जन जैसे कट्टर और सांप्रदायिक कट्टरपंथी को नियुक्त करके विवाद नहीं खड़ा करना चाहती, जो राष्ट्रीय हित पर अपने सांप्रदायिक एजेंडे को प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा है कि खालिस्तानियों को सिख समुदाय का नाम खराब करने के लिए उनसे माफ़ी मांगनी चाहिए।

**मंत्रिमंडल में 25 सदस्य**

गौरतलब है कि नए प्रधानमंत्री कीर



स्टारमर के मंत्रिमंडल में उनके सहित 25 सदस्य हैं और इसमें 11 महिलाएं हैं। इस कैबिनेट में एंजेला रेनर को डिप्टी पीएम और रेचल रीव्स को देश की पहली महिला चांसलर ऑफ द एक्सचेकर बनाया गया है। नए कैबिनेट में यवेट कूपर को गृह मंत्री, डेविड लैमी को विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। एक खास बात यह भी है कि इस कैबिनेट के चालीस प्रतिशत सदस्य ऑक्सफोर्ड या कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में पढ़े हैं।

**भारतीय मूल के लोगों की आबादी 14 लाख**

बता दें कि ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों की आबादी 14 लाख के क़रीब है जो देश की कुल आबादी का केवल 2.3 प्रतिशत है लेकिन ये ब्रिटेन का सबसे बड़ा जातीय समुदाय है। ये 1950 और 1960 के दशकों में ब्रिटेन के कपड़ों के मिलों में काम करने आये थे। कुछ भारतीय मूल के लोग अफ्रीका से आकर ब्रिटेन में बस गए थे। ब्रितानी समाज के सभी क्षेत्रों में भारत और दक्षिण एशिया से आकर बसे लोग मिल जाएंगे। उद्योग, व्यापार, क्रिकेट और शिक्षा के क्षेत्रों में इन्होंने काफ़ी कामयाबी हासिल की है।

# लैंडिंग दौरान सऊदी एयरलाइंस के प्लेन में लग गई आग

### सवार 297 लोगों की मुश्किल से बची जान

**पेशावर:** लैंडिंग दौरान प्लेन में आग लगने से 276 यात्रियों की जान आफत में फंस गई । मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के पेशावर हवाईअड्डे पर उतरते समय सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट SV792 में गियर में दिक्कत की वजह से टायर में आग लग गई। आग लगने के बावजूद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इसके अलावा सभी चालक दल और यात्रियों को फ्लाइट से सुरक्षित निकाल लिया गया।




नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आग पर काबू पा लिया । आग लगने के बावजूद किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फ्लाइट में सभी 276 यात्री और 21 चालक दल के सदस्य मौजूद थे। टायर फटने की जानकारी मिलने के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। सभी यात्रियों को इमरजेंसी दरवाजे से बाहर निकाला गया। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने आग पर काबू पा लिया। वहीं, इस घटना की जांच चल रही है।

# नेपाल में लैंडस्लाइड का कहर, दो बसें त्रिशूली नदी में बहीं, 65 यात्री लापता

**काठमांडू**- नेपाल में भूस्खलन की चपेट में आई दो बसों के उफनाई नदी में बहने से उनमें सवार कम से कम 65 यात्रियों के लापता होने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक, 65 यात्रियों को ले जा रही दो बसें चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनाई त्रिशूली नदी में बह गईं। चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव ने इस हादसे की पुष्टि की।

यादव ने बताया कि बचावकर्मियों ने भूस्खलन के



मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हादसे के संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड ने त्रिशूली नदी में दो बसों के बहने की घटना पर दुख जताते हुए युद्धस्तर पर तलाश एवं बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं।

# कैलिफोर्निया में घर में घुसकर तीन लोगों की हत्या, संदिग्ध हिरासत में

**इंटरनेशनल डेस्क:** कैलिफोर्निया में बुधवार की रात एक घर में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अलामेडा पुलिस विभाग (एपीडी) ने यह जानकारी दी। एपीडी ने 'फेसबुक पर जारी एक बयान में कहा कि उसे एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसके पड़ोसी को अलामेडा शहर के किट्टी हॉक रोड के 400 ब्लॉक में गोली मार दी गई है।




मौके पर पहुंचे अलामेडा पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित का पता लगाया। घर में नाबालिगों समेत परिवार के अन्य सदस्य भी गोली लगने से घायल मिले। एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है। फिलहाल पुलिस ने गोलीबारी का कारण नहीं बताया है। पुलिस ने कहा, ''हमें यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि तीन पीड़ितों की मौत हो गई और परिवार के अन्य सदस्यों का स्थानीय अस्पताल में उपचार हो रहा है। पुलिस ने कहा कि आम लोगों को खतरे से संबंधित कोई सूचना नहीं है। जांच जारी है।

### मुंबई में मानसून की उथल-पुथल जारी

# INDIGO ने उड़ान भरने वालों के लिए जारी की चेतावनी

**मुंबई**- मुंबई में भारी बारिश से आज सड़कों और रेलवे लाइनों में पानी भर गया, निचले इलाके भी पानी से डूबे हुए है और इसके साथ ही घरों, दुकानों और कार्यालयों में भी पानी घुस गया। रात भर लगातार बारिश के बाद सुबह-सुबह बारिश तेज हो गई। आज शाम 4.09 बजे एक और द्धद्बद्दद्ध ह्लद्बस्रद्ग की आशंका के साथ, मुंबई और आसपास के इलाकों में अधिकारी अलर्ट पर हैं।




भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मुंबई और पालघर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें दिन भर भारी बारिश की संभावना जताई गई है। ठाणे और नवी मुंबई (रायगढ़) ऑरेंज अलर्ट जारी है। पिछले हफ्ते से, मुंबई भारी बारिश के कारण गंभीर जलजमाव, ट्रैफिक जाम और ट्रेन और उड़ान व्यवधान से जूझ रही है। लेकिन आज तक कोई भी उड़ान प्रभावित नहीं हुई है, मुंबई हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया। हालांकि, इंडिगो एयरलाइंस ने यात्रियों को संभावित देरी और भीड़भाड़ के बारे में चेतावनी दी है और उनसे अपनी उड़ान की स्थिति पर लगातार नजर रखने का आग्रह किया है। सोमवार को, द्वीप शहर में 300 मिमी की भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे ट्रेनें और यातायात प्रभावित हुआ।

इस बाढ़ के कारण सप्ताह के पहले कार्य दिवस पर काम पर जाने वाले लाखों यात्री फंस गए और सुबह के सेशन के लिए स्कूल बंद कर दिए गए है।

# चमत्कार: कीड़ों ने खाया... हाईवे किनारे खाई में 2 दिन बिल्कुल अकेला रहा बच्चा बिल्कुल ठीक

**नेशनल डेस्क**- नेवाडा राज्य के विंटन इलाके में एक बच्चे का चमत्कारी बचाव हुआ है, जिसे लोग अब किंगट्रेल जैक के नाम से जानते हैं। इस अद्वितीय किस्से में एक साल के बच्चे को 2 दिन तक खाई में बिना किसी संरक्षण के बिना ही बिल्कुल सुरक्षित मिलने की घटना हुई है। इस बच्चे के शरीर पर कीड़ों के काटने के निशान हैं, लेकिन उसकी स्थिति अब स्थिर है। मामले के अनुसार, बच्चे को देखने वाला ट्रक ड्राइवर ने रिपोर्ट की थी कि उसने खाई के किनारे खेलते हुए बच्चे को देखा। उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया और बच्चे को बचाया। पुलिस ने बच्चे को अस्पताल ले जाया, जहां उसका चेकअप किया गया और उसकी स्थिति मेडिकल देखरेख में रखी गई। इस हादसे में बच्चे की मां आलिया जैक को पुलिस ने हिरासत में लिया, क्योंकि उसने बच्चों के लापता होने की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी। बच्चे के पिता ने बताया कि उन्होंने पहले ही पुलिस को बच्चों के लापता होने की जानकारी दे दी थी, लेकिन पुलिस को उनकी मां से कुछ और जानकारी मिली और उनकी मां को हिरासत में ले लिया गया।

### सात बार के दलित सांसद का छलका दर्द, कहा-

# मोदी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने से पहुंचा दुख



**नेशनल डेस्क**- कर्नाटक से लोकसभा सांसद रमेश जिगाजिनागी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं करने के फैसले से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। दलित समुदाय से आने वाले जिगाजिनागी लगातार सातवीं बार लोकसभा का चुनाव जीते हैं। वह चिक्कोडी से तीन बार और बीजापुर से चार बार चुनाव जीत चुके हैं।

**ऊंची जाति के सांसदों को ही बनाया मंत्री**

रमेश ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आप लोग बताएं कि यह नाइंसाफी है या नहीं।

पूरे दक्षिण भारत में मैं दलित समुदाय से आने वाला अकेला शख्स हूं जो लगातार सात चुनाव जीत चुका है। ऊंची जाति के सांसदों को ही मंत्री बनाया गया है। क्या दलित समुदाय ने बीजेपी का समर्थन नहीं किया?

कैबिनेट मंत्री न बनाए जाने की वजह से मुझे गहरा धक्का लगा है।

रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि मैं बेहद आहत हूं, पूरे दक्षिण भारत में सात बार संसद के लिए निर्वाचित होने वाला मैं एकमात्र दलित सांसद हूं। मेरी किस्मत देखिए, सभी ऊंची जातियां कैबिनेट मंत्री बन गईं, क्या दलितों ने भाजपा का समर्थन नहीं किया?

**मंत्री बनने के लिए जनता का दबाव**

जिगाजिनागी ने कहा कि मैं अपने लिए कैबिनेट पद नहीं चाहता हूं। जब मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र में लौटा तो कई लोगों ने मेरी आलोचना की, कई लोगों ने मुझे पहले ही चेतावनी दी थी कि भाजपा दलित विरोधी है। मुझ पर केंद्र में मंत्री बनने के लिए जनता का दबाव है। क्या यह उचित है या अनुचित? जिगाजिनागी नरेंद्र मोदी की पहली सरकार में 2016 से 2019 तक पेयजल और स्वच्छता राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत थे। 2024 के आम चुनाव में रमेश जिगाजिनागी ने कर्नाटक के बीजापुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के राजू अलागुर को 77,229 मतों के अंतर से हराया था।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569